RAJHIN/2014/55262

sancharjagat.com

खबरों व विज्ञापन
के लिए सम्पर्क करें
संचार जगत
मो.नम्बरः- +917357161599

संचार जगत
दैनिक समाचार पत्र
sancharjagat.com
editorial@sancharjagat.com

'सोच को इतना बड़ा रखो कि असफलता भी एक छोटा कदम लगे। सफलता कोई मंजिल नहीं, यह एक दिशा है। बड़ा सोचो, बड़ा करो।'

वर्षः 13 | अंकः 261 जयपुर, मंगलवार, 20 अक्टूबर , 2026 मूल्यः 2.00 रूपए पृष्ठः 8

▶ करीब 10 दिनों से एक्टर टाइगर श्रॉफ पर नजर रख रहे थे शूटर

टाइगर पर गोली चलाने वाले तीनों आरोपियों को कोटा पुलिस ने दबोचा

नेपाल भागने की फिराक में थे सभी शूटर, सूचना मिलने के 15 मिनट में ट्रेन से पकड़ा

इन आरोपियों में से दो हरियाणा और एक बिहार का रहने वाला, सभी आरोपी बालिग

नई दिल्ली/संचार जगत

मुंबई में अभिनेता टाइगर श्रॉफ की कार पर फायरिंग के मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। मुंबई पुलिस ने सोमवार को साफ किया कि गिरफ्तार किए गए तीनों आरोपी नाबालिग नहीं हैं। इनमें एक की उम्र 18 साल, जबकि बाकी दो की उम्र 22-22 साल है। पुलिस के मुताबिक, दो आरोपियों ने टाइगर श्रॉफ की कार पर पांच से सात राउंड फायरिंग की थी। वारदात के बाद तीनों मुंबई से भाग निकले थे, लेकिन पुलिस ने करीब 15 घंटे के भीतर उन्हें राजस्थान के कोटा में एक ट्रेन से पकड़ लिया।

गिरफ्तार आरोपियों की पहचान हरियाणा के सोनीपत निवासी फूल सिंह नरेश (18), रेहान राहीउसुद्दीन (22) और बिहार के बेगूसराय निवासी ऋतिक उर्फ रोशन (22) के रूप में हुई है। पुलिस के मुताबिक, वारदात में इस्तेमाल मोटरसाइकिल मुंबई के अंधेरी इलाके में मिली थी। हालांकि, आरोपियों के पास से फायरिंग में इस्तेमाल हथियार बरामद नहीं हुए हैं। पुलिस अब उनसे पूछताछ कर हमले की वजह और इसके पीछे किसी अन्य व्यक्ति या नेटवर्क की भूमिका का पता लगाने की कोशिश कर रही है।



15 घंटे में अरेस्ट, 20 टीमों ने चलाया ऑपरेशन

मुंबई के जुहू इलाके में रविवार शाम टाइगर श्रॉफ की कार पर फायरिंग हुई थी। पुलिस ने जुहू थाने में भारतीय न्याय संहिता की धारा 109(1), जो हत्या के प्रयास से संबंधित है, और धारा 3(5) के साथ आर्म्स एक्ट की धारा 3 और 25 के तहत मामला दर्ज किया है। वारदात के बाद मुंबई पुलिस की क्राइम ब्रांच ने आरोपियों की तलाश शुरू की। पुलिस ने डिजिटल प्रूफ का विश्लेषण किया और अंधेरी पश्चिम रेलवे स्टेशन के पास से वारदात में इस्तेमाल मोटरसाइकिल बरामद की। वाहन के मालिक से जुड़ी जानकारी के आधार पर पुलिस आरोपियों के भागने के रास्ते तक पहुंची। जांच में सामने आया कि आरोपी सूरत पहुंचे और वहां से पुणे-जयपुर सुपरफास्ट एक्सप्रेस में सवार हुए। मुंबई पुलिस ने दिल्ली, गुजरात और राजस्थान पुलिस के साथ समन्वय किया। क्राइम ब्रांच की 20 विशेष टीमें इस कार्रवाई में शामिल थीं। सोमवार सुबह 10:17 बजे जब ट्रेन कोटा स्टेशन पर पहुंची, तब वहां मौजूद पुलिस ने जनरल कोच से तीनों आरोपियों को पकड़ लिया। कोटा की एसपी तेजस्वनी गौतम के मुताबिक, आरोपियों को पकड़ने का ऑपरेशन करीब 15 मिनट में पूरा कर लिया गया। कोटा पुलिस ने तीनों को मुंबई पुलिस के हवाले कर दिया।

दाऊद का दौर गया, अब लॉरेंस गैंग का खौफ

1990 के दशक के उस दौर की यादें एक बार फिर ताजा हो रही हैं, जब बॉम्बे (आज का मुंबई) की पहचान मायानगरी से ज्यादा गोलियों की तड़तड़ाहट और खून-खराबे से जुड़ी थी। दाऊद इब्राहिम और छोटा राजन जैसे डॉन के खौफ से कांपने वाली मुंबई में अंडरवर्ल्ड की नई दस्तक की सुगबुगाहट फिर तेज हो गई है। फर्क सिर्फ इतना है कि तब डी-कंपनी का दौर था, और आज लॉरेंस बिश्नोई गैंग का साया मंडरा रहा है। रविवार को एक्टर टाइगर श्रॉफ पर हुई फायरिंग की वारदात ने मुंबई की सुरक्षा व्यवस्था को कटघरे में लाकर खड़ा कर दिया है। नवंबर 2002 में दाऊद गैंग यानी डी कंपनी की तरफ से मुंबई में आखिरी शूटआउट होने का जिक्र आता है। अंडरवर्ल्ड डॉन अरुण गवली के गैंग ने 2008 में मुंबई में आखिरी हत्या की थी। 2011 में क्राइम जर्नलिस्ट ज्योतिर्मय डे की हत्या छोटा राजन गैंग के हाथों हुई। गैंगस्टर अश्विन नायक ने अंडरवर्ल्ड छोड़कर बिल्डर का काम शुरू कर दिया था। 2002 में पुर्तगाल में गिरफ्तारी के बाद अबू सलेम का गैंग भी बिखर गया। कुल मिलाकर एक-दो को छोड़कर ज्यादातर बड़े डॉन और उनके गुर्गे जेल पहुंच चुके थे। मुंबई धीरे-धीरे अंडरवर्ल्ड के खौफ से बाहर निकलने लगी थी। लेकिन अब लॉरेंस डी कंपनी की तरह अपना बड़ा नेटवर्क खड़ा करना चाहता है। वह मुंबई जैसे बड़े आर्थिक केंद्र में भी अपनी पकड़ बनाना चाहता है।

देवियों की आराधना से मिलती है शक्ति, संस्कार और राष्ट्रसेवा की प्रेरणाः देवनानी

विधानसभा अध्यक्ष ने नवमी पर अजमेर शहर एवं आसपास स्थित नौ देवी मंदिरों में किए दर्शन-पूजन



जयपुर। शारदीय नवरात्रि के पावन अवसर पर नवमी के दिन विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने सोमवार को अजमेर शहर एवं आसपास स्थित नौ देवी मंदिरों में दर्शन कर विधिवत पूजा-अर्चना की।

उन्होंने मां दुर्गा से प्रदेश एवं शहरवासियों की सुख-शांति, समृद्धि और खुशहाली की मंगलकामना की। इस अवसर पर उन्होंने देश के युवाओं में सृजनात्मक शक्ति का विकास होने, उन्हें अराजकता से दूर रहकर राष्ट्र की उन्नति एवं समृद्धि में योगदान देने की प्रेरणा मिलने तथा संवैधानिक संस्थाओं के प्रति सम्मान की भावना निरंतर सुदृढ़ होने की कामना की। विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने वरुण सागर रोड स्थित चामुंडा माता मंदिर, पुष्कर रोड स्थित नौसर माता मंदिर, भक्ति धाम स्थित माताजी मंदिर, नगीना बाग स्थित जत्तोई दरबार, बजरंगगढ़ स्थित अंबे माता मंदिर, चांद बावड़ी स्थित काली माता मंदिर, रामगंज स्थित काली माता मंदिर, आनासागर पुलिस चौकी के सामने स्थित चामुंडा माताजी मंदिर तथा वरुण सागर रोड स्थित काली माता मंदिर में दर्शन किए। उन्होंने सभी मंदिरों में पूजा-अर्चना कर मां के चरणों में शीश नवाया तथा जनकल्याण की प्रार्थना की। देवनानी ने कहा कि भारतीय सनातन संस्कृति में नवरात्रि का विशेष महत्व है। यह पर्व शक्ति, अध्यात्म, श्रद्धा और सांस्कृतिक परंपराओं का प्रतीक है। नौ दिनों तक मां दुर्गा के नौ स्वरूपों की आराधना के माध्यम से श्रद्धालु आध्यात्मिक ऊर्जा, सकारात्मकता और आत्मबल प्राप्त करने की प्रेरणा लेते हैं। देवी के प्रत्येक स्वरूप में जीवन को नई दिशा देने तथा समाज में सद्भाव और नैतिक मूल्यों को मजबूत करने का संदेश निहित है। उन्होंने कहा कि मां दुर्गा के नौ स्वरूप हमें साहस, संयम, ज्ञान, करुणा, समर्पण और कर्तव्यनिष्ठा जैसे गुणों को जीवन में अपनाने की प्रेरणा देते हैं।

अखिलेश का बड़ा ऐलान, 26 नवंबर को जारी होगा पीडीए का मैनिफेस्टो

लखनऊ। समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव 26 नवंबर को संविधान दिवस के मौके पर पीडीए का प्रणपत्र जारी करेंगे। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्टर शेयर किया। इससे पहले कन्नौज में रविवार को पीडीए सम्मेलन में भीड़ जुटाने में नाकाम रहे सपा जिलाध्यक्ष पर गाज गिर गई। नाराज पार्टी प्रदेश अध्यक्ष ने पूरी जिला कार्यकारिणी को भंग कर दिया। खाली कुर्सियों ने सियासी भूचाल भी मचा दिया है। शनिवार को जिले के सपा कार्यालय में पीडीए सम्मेलन में अपेक्षा के अनुरूप कार्यकर्ता नहीं पहुंचे। प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल की मौजूदगी में कुर्सियां खाली पड़ी रहीं। कुछ लोगों ने खाली कुर्सियों के वीडियो साझा कर पार्टी संगठन की सक्रियता पर सवाल उठाए। प्रदेश अध्यक्ष ने सम्मेलन में भीड़ नहीं जुटने पर जिला संगठन और विभिन्न फ्रंटल संगठनों के पदाधिकारियों को जिम्मेदार माना। इसके बाद उन्होंने पूरे घटनाक्रम से राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव को अवगत कराया। इसके बाद मिले निर्देशों के क्रम में संगठन पर कार्रवाई की गई। अखिलेश यादव ने रविवार को पार्टी कार्यकर्ताओं को अपने-अपने बूथों पर सतर्क रहने की नसीहत देते हुए आरोप लगाया कि भाजपा फर्जी वोट बनवाने की साजिश कर रही है। अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा फर्जी वोट बनवाने की साजिश कर रही है। सत्तारूढ़ दल फर्जी वोट और बेईमानी को अपनी ताकत समझती है।

भारत-अमेरिका व्यापार समझौता अंतिम चरण में, जल्द हो सकता है ऐलानः मार्को रुबियो

नई दिल्ली। अमेरिका भारत के साथ व्यापार समझौते को अंतिम रूप देने के बेहद करीब है। अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने भारत की यात्रा से एक दिन पहले उन्होंने कहा कि दोनों देशों के बीच प्रस्तावित समझौते पर अधिकांश काम पूरा हो चुका है। भारत दौरे से पहले रुबियो ने कहा कि हम इस समय भारत के साथ एक व्यापार समझौते को अंतिम रूप देने की कोशिश कर रहे हैं। हम ऐसा करने के बहुत करीब हैं। रूसी तेल और गैस के मुद्दे पर रुबियो ने कहा कि वैश्विक आपूर्ति और कीमतों पर पड़ने वाले असर को देखते हुए अमेरिका को पिछले कुछ महीनों में कई प्रतिबंधों में छूट देनी पड़ी है। उन्होंने कहा कि पिछले कुछ महीनों में हमें प्रतिबंधों में छूट देनी पड़ी क्योंकि उनका असर वैश्विक आपूर्ति और कीमतों पर पड़ रहा था। हमें इन सभी कारकों का संतुलन बनाना होता है। हम इस समय भारत के साथ व्यापार समझौते को अंतिम रूप देने की प्रक्रिया में हैं और इसके काफी करीब हैं।

इस बीच अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने लिंडसे ओ. ग्राहम सैंक्शनिंग रशिया एंड ईरान एक्ट को लागू करने संबंधी आदेश पर हस्ताक्षर किए हैं और रूसी तेल खरीदने वाले देशों पर लगाए जाने वाले शुल्कों में छूट दी है। इस व्यापार समझौते का मूल उद्देश्य भारत से निर्यात होने वाले उत्पादों पर अमेरिका में कम और स्थिर शुल्क सुनिश्चित करना है। इसके बदले भारत में अमेरिकी उत्पादों को व्यापक बाजार पहुंच उपलब्ध कराई जाएगी।

डॉ. ढाल सिंह बिसेन ने उत्तराखंड के राज्यपाल पद की ली शपथ

नई दिल्ली/संचार जगत

उत्तराखंड के नए राज्यपाल के तौर पर डॉ. ढाल सिंह बिसेन ने शपथ ले ली है। लोकभवन में आयोजित समारोह में राज्य के कार्यवाहक चीफ जस्टिस मनोज कुमार तिवारी ने पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। शपथ ग्रहण से पहले राज्य के मुख्य सचिव आनंद बर्धन ने राष्ट्रपति की ओर से जारी नियुक्ति का अधिपत्र पढ़ा।



शपथ ग्रहण समारोह का शुभारंभ राष्ट्रीय गीत वंदेमातरम् और राष्ट्रगान के साथ हुआ। इस अवसर पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, उनके मंत्रिमंडल के सहयोगी तथा मुख्य सचिव आनंद बर्धन समेत अनेक वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। बिसेन ने लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (रि) का स्थान लिया है जो पांच साल से ज्यादा समय तक प्रदेश के राज्यपाल रहे।

सौरव और आशुतोष पर फैसला सुरक्षित

नई दिल्ली/संचार जगत

दिल्ली पुलिस ने कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) के नेता आशुतोष रांका और सौरव दास की न्यायिक हिरासत पांच दिन और बढ़ाने की मांग की है। इस मामले में सुनवाई के दौरान एसईएम कोर्ट ने न्यायिक हिरासत बढ़ाने की मांग पर अपना आदेश सुरक्षित रख लिया है।

बता दें कि सौरव दास और आशुतोष रांका को 13 अक्टूबर को जंतर-मंतर क्षेत्र में बिना इजाजत दाखिल होने के आरोप में प्रिवेंटिव अरेस्ट किया गया था। दोनों को पांच दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया था। आज उनकी रिहाई के लिए एसईएम कोर्ट में याचिका दाखिल की गई थी, जिस पर सुनवाई के बाद कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रख लिया है।

अमेरिका के सभी बच्चों को मिलेगा स्पेसएक्स का शेयर

स्पेसएक्स के मालिक मस्क ने किया देने का वादा

नई दिल्ली/संचार जगत

एलन मस्क दुनिया के सबसे अमीर इंसान हैं और उन्होंने एक बड़ा वादा किया है। टेस्ला और स्पेसएक्स जैसी कंपनियों के मालिक मस्क ने अगले साल अमेरिका के हर बच्चे को स्पेसएक्स का एक शेयर देने का प्रस्ताव रखा है।



अमेरिका में 18 साल से कम उम्र के करीब 7.2 करोड़ बच्चे

यह व्यक्तिगत शेयर उपहार में देने की सबसे बड़ी पहलों में से एक बन सकती है। एलन मस्क ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में अमेरिका से बड़ा वादा किया है। मस्क ने लिखा, अगले साल मैं अमेरिका के हर बच्चे को अपने स्पेसएक्स शेयरों में से एक शेयर दूंगा।

हालांकि, मस्क ने प्रस्तावित उपहार योजना के बारे में ये नहीं बताया है कि उनके द्वारा दिए जाने वाले शेयरों को सीधे बच्चों को ट्रांसफर किया जाएगा या उनकी ओर से मैनेज किए जाने वाले खातों में रखा जाएगा।

इजराइल के चुनाव में ट्रम्प ने किया नेतान्याहू का समर्थन

नई दिल्ली/संचार जगत

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने 27 अक्टूबर को होने वाले संसदीय चुनावों में कड़े मुकाबले का सामना कर रहे इजराइल के पीएम बेंजामिन नेतान्याहू का औपचारिक रूप से समर्थन किया है।

रविवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ सोशल पर जारी पोस्ट में ट्रम्प ने ईरान के खिलाफ युद्ध में अमेरिका का साथ देने के लिए इजरायली नेता की सराहना की। उन्होंने कहा कि वे नेतान्याहू को अपना पूर्ण और समग्र समर्थन दे रहे हैं। ट्रम्प ने लिखा कि बीबी नेतान्याहू आपको कभी निराश नहीं करेंगे। यूएस राष्ट्रपति का यह समर्थन



इजराइली चुनाव से ठीक नौ दिन पहले सामने आया है, जबकि इससे पहले अटकलें लगाई जा रही थीं कि शायद वे किसी का समर्थन नहीं करेंगे। इससे पूर्व इस महीने की शुरुआत में टाइम पत्रिका को दिए इंटरव्यू में जब ट्रम्प से इजराइली पीएम के कामकाज को लेकर बार-बार सवाल पूछे गए थे, तो उन्होंने नेतान्याहू का समर्थन करने से इनकार कर दिया था।

460 करोड़ की बेशकीमती ब्रा चर्चा में

इसमें जड़े हैं 4,410 प्राकृतिक हीरे, वजन-1.8 किलोग्राम



नई दिल्ली/संचार जगत

विक्टोरिया सीक्रेट की मशहूर फैंटेसी ब्रा करीब 8 साल बाद रनवे पर वापस लौटी है और इस बार इसे पहनकर रैंप पर उतरीं काइली जेनर। काइली (29) ने सफेद पंखों वाले एंजेल लुक में सबका ध्यान खींचा, लेकिन उनके आउटफिट से ज्यादा चर्चा उस बेशकीमती ब्रा की हो रही है, जिसकी कीमत करीब 5 करोड़ डॉलर यानी लगभग 460 करोड़ रुपये है।

इस साल की फैंटेसी ब्रा को बेहद खास तरीके से तैयार किया है। इसमें 4,410 प्राकृतिक हीरे लगाए गए है। इन हीरों के बीच 75.54 कैरेट का बेहद दुर्लभ फैंसी विविड येलो डायमंड लगाया गया है। यह डायमंड रेडिएंट कट में है, जिससे ब्रा की चमक और भी ज्यादा खास नजर आती है। ब्रा का वजन 1.8 किलो है। विक्टोरिया सीक्रेट की फैंटेसी ब्रा आखिरी बार 2018 में रनवे पर दिखाई दी थी। उस समय एल्सा होस्क ने इसे पहना था। अब करीब 8 साल बाद इसकी वापसी हुई है।

इंडो-यूएस ट्रेड डील पर जल्द लग सकती है मुहर

आज भारत आएंगे विदेश मंत्री मार्क रुबियो

नई दिल्ली/संचार जगत

भारत-यूएस के बीच द्विपक्षीय आर्थिक और रणनीतिक संबंधों में जल्द बड़ा मोड़ आ सकता है। अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने संकेत दिए हैं कि भारत और अमेरिका एक द्विपक्षीय ट्रेड डील को अंतिम रूप देने के बेहद करीब हैं।



वैश्विक ऊर्जा बाजार की स्थिरता व भारत द्वारा रूसी तेल व गैस की खरीद पर अमेरिकी विदेश मंत्री ने व्यावहारिक रुख अपनाते हुए कहा कि अंतरराष्ट्रीय परिस्थितियों और भौगोलिक वास्तविकताओं को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। यूएस ट्रेड डील की प्रगति पर बात करते हुए कहा कि हम इस समय भारत से ट्रेड डील को अंतिम रूप देने की कोशिश में हैं और हम ऐसा करने के बहुत करीब हैं।

एक्सपर्ट्स का मानना है कि यह संभावित समझौता दोनों लोकतांत्रिक देशों के बीच आर्थिक साझेदारी को मजबूत करने, निर्यात-आयात की बाधाओं को कम करने और सप्लाई चेन को अधिक लचीला बनाने में अहम भूमिका निभाएगा। गौरतलब है कि रूबियो मंगलवार को मुम्बई आ रहे हैं।

फुटबॉल मैच से पूर्व 170 फीट ऊंचाई से गिरकर एयरफोर्स जवान की मौत

नई दिल्ली/संचार जगत

यूएस के सैन एंटोनियो स्थित अलामोडोम स्टेडियम में फुटबॉल मैच से पहले सैन्य प्रदर्शन के दौरान एक अमेरिकी वायुसेना के जवान की मौत हो गई। जवान करीब 170 फीट की ऊंचाई से नीचे गिर गए। उन्हें तत्काल चिकित्सा सहायता दी गई और अस्पताल ले जाया गया, जहां उन्होंने दम तोड़ दिया।

मृतक की पहचान टेक्निकल सार्जेंट इयान पैटरसन के रूप में हुई है। यह हादसा शनिवार को यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्सास एट सैन एंटोनियो (यूटीएसए) और नेवी के बीच फुटबॉल मैच से पहले आयोजित फास्ट-रोपिंग प्रदर्शन के दौरान हुआ। यह कार्यक्रम सशस्त्र बलों और पूर्व सैनिकों के सम्मान में आयोजित द्वसैल्यूट टू आर्म्ड फोर्सेज एंड वेटरन्स समारोह का हिस्सा था।

प्रदर्शन में चार सैन्यकर्मी हिस्सा ले रहे थे। इसी दौरान इयान पैटरसन रस्सी के सहारे नीचे उतर रहे थे, तभी उन्होंने नियंत्रण खो दिया और ऊंचाई से नीचे गिर गए। वह 6वीं कॉम्बैट ट्रेनिंग स्क्वाड्रन की डिटैचमेंट-2 इकाई में तैनात थे और टैक्टिकल एयर कंट्रोल पार्टी (टीएसीपी) प्रशिक्षक के रूप में काम कर रहे थे।



मैदान पर करीब 10 मिनट तक दी गई चिकित्सा मदद

हादसे के बाद मैदान पर ही घायल जवान को करीब 10 मिनट तक चिकित्सा मदद दी गई। इसके बाद उन्हें स्ट्रेचर पर नजदीकी अस्पताल ले जाया गया। सैन एंटोनियो एक्सप्रेस-न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार, जवान को ले जाने से पहले यूटीएसए के कर्मचारियों ने उनके चारों ओर घेरा बना लिया था। प्रत्यक्षदर्शी एड्रियन कोरी ने केएसएटी को बताया कि हादसे के बाद स्टेडियम में मौजूद दर्शक शांत हो गए और बैंड ने भी प्रस्तुति रोक दी। घटना के चलते मैदान पर चल रही गतिविधियां कुछ समय के लिए ठप हो गई। अलामोडोम स्टेडियम का स्वामित्व सैन एंटोनियो शहर के पास है। इसकी छत जमीन से करीब 170 फीट ऊंची है। शनिवार को यूटीएसए और नेवी के बीच मुकाबला देखने के लिए स्टेडियम में लगभग 23,297 दर्शक मौजूद थे।

जयपुर में पर्यटकों से कथित दुर्व्यवहार के मामले में एक आरोपी गिरफ्तार

पर्यटक थाना पुलिस ने त्वरित कार्रवाई कर आरोपी को पकड़ा, पर्यटकों की सुरक्षा को लेकर पुलिस सतर्क

संचार जगत

जयपुर। जयपुर उत्तर क्षेत्र में पर्यटकों के साथ कथित दुर्व्यवहार के मामले में पर्यटक थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान 37 वर्षीय जाउदीन कुरैशी के रूप में हुई है, जो जयपुर के नाई की थड़ी क्षेत्र का निवासी बताया गया है। पुलिस के अनुसार, मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस उपायुक्त करण शर्मा के निर्देशन में टीम गठित की गई। टीम ने घटनाक्रम से जुड़े तथ्यों की जानकारी जुटाने के लिए ऑटो चालकों, दुकानदारों और राहगीरों से पूछताछ की। इसके आधार पर आरोपी की पहचान कर उसकी तलाश की गई और बाद में उसे गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने इस संबंध में 18 अक्टूबर 2026 को प्रकरण संख्या 103/2026 दर्ज कर कार्रवाई की। पुलिस का कहना है कि शहर में आने वाले देशी-विदेशी पर्यटकों की सुरक्षा सुनिश्चित करना और उनके साथ होने वाले दुर्व्यवहार की शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई करना महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

एशियन पैरा गेम्स में भारत को स्वर्ण एवं रजत पदक मिलने पर बागडे ने दी बधाई

जयपुर। राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने एशियन पैरा गेम्स 2026 में महिलाओ की 10 मीटर एयर राइफल SHv स्पर्धा में भारतीय खिलाड़ी मोना अग्रवाल को स्वर्ण पदक एवं अवनि लेखरा को रजत पदक जीतने पर बधाई और शुभकामनाएं दी है। उन्होंने कहा कि इनके खेल प्रदर्शन से पूरा देश गौरवान्वित हुआ है।

श्री रामलीला समिति, तांगा स्टैंड, के रंग मंच पर अहिरावण वध एवं रावण वध की लीला का भव्य मंचन





संचार जगत

अलवर। श्री रामलीला समिति, तांगा स्टैंड के रंगमंच पर 79वें रामलीला प्रदर्शन के अंतर्गत अहिरावण वध एवं रावण वध की लीला का भव्य मंचन किया गया। कलाकारों ने अपने प्रभावशाली अभिनय से दर्शकों को रामायण के इन महत्वपूर्ण प्रसंगों से रूबरू कराया। लीला के दौरान दिखाया गया कि रावण के आग्रह पर उसका मित्र अहिरावण छलपूर्वक भगवान श्रीराम एवं लक्ष्मण जी का हरण कर उन्हें पाताल लोक ले जाता है, जहाँ वह चामुंडा देवी के समक्ष उनकी बलि चढ़ाने की योजना बनाता है। पाताल लोक में मकरध्वज पहरेदारी कर रहे होते हैं। हनुमान जी पाताल लोक पहुँचकर अहिरावण का वध करते हैं और भगवान श्रीराम एवं लक्ष्मण जी को मुक्त कराते हैं। इसके पश्चात हनुमान जी अपने पुत्र मकरध्वज को पाताल लोक का राजा नियुक्त करते हैं। इसके बाद राम-रावण युद्ध का रोमांचक मंचन हुआ। रावण पर भगवान श्रीराम के बाणों का प्रभाव नहीं पड़ने पर विभीषण जी उन्हें रावण की नाभि में स्थित अमृत कुंड का रहस्य बताते हैं। भगवान श्रीराम अग्निबाण से अमृत कुंड को सुखाकर रावण का वध करते हैं। रावण के अंत के साथ ही अधर्म पर धर्म और असत्य पर सत्य की विजय का संदेश दिया गया। लीला के अंतिम प्रसंग में लक्ष्मण जी रावण से राजनीति एवं जीवन संबंधी महत्वपूर्ण शिक्षाएँ प्राप्त करते हैं। इस अवसर पर भगवान श्रीराम की भूमिका पीयूष, लक्ष्मण जी की भूमिका लक्ष्य, माता सीता की भूमिका गर्वित कटारिया, हनुमान जी की भूमिका निशांत धनावत, विभीषण की भूमिका आत्म प्रकाश तथा सुग्रीव की भूमिका रवि कपूर ने निभाई। रावण के प्रभावशाली किरदार को कपिल अरोड़ा ने जीवंत किया। कलाकारों के अभिनय को दर्शकों ने सराहा। उल्लेखनीय है कि श्री रामलीला समिति, तांगा स्टैंड, अलवर द्वारा आयोजित यह रामलीला धार्मिक परंपराओं के संरक्षण के साथ-साथ समाज को मर्यादा, सत्य, धर्म और सदाचार का संदेश दे रही है।

सिटी पैलेस में 22 अक्टूबर को होगा 'सवाई जयपुर अवॉर्ड्स 2026' समारोह

सवाई भवानी सिंह की जयंती पर 25 श्रेणियों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्तियों और संस्थाओं को किया जाएगा सम्मानित

संचार जगत

जयपुर। के ऐतिहासिक सिटी पैलेस में 22 अक्टूबर की शाम वार्षिक 'सवाई जयपुर अवॉर्ड्स 2026' समारोह आयोजित किया जाएगा। ब्रिगेडियर महाराजा सवाई भवानी सिंह, एमवीसी ऑफ जयपुर की जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित होने वाले इस समारोह में विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्टता और उल्लेखनीय योगदान देने वाले व्यक्तियों एवं संस्थाओं को सम्मानित किया जाएगा। समारोह का आयोजन सिटी पैलेस स्थित प्रीतम निवास चौक में होगा। इस वर्ष पुरस्कारों के लिए कुल 25 श्रेणियां निर्धारित की गई हैं। इन पुरस्कारों का उद्देश्य समाज और विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान देने वाली प्रतिभाओं एवं संस्थाओं को पहचान और सम्मान प्रदान करना है।

समाज सेवा से लेकर विरासत संरक्षण तक मिलेगा सम्मान

सवाई जयपुर अवॉर्ड्स के तहत समाज सेवा, चिकित्सा, संस्कृति, पारंपरिक शिल्प, पर्यावरण संरक्षण, पर्यटन, विज्ञान, पत्रकारिता, साहित्य, शिक्षा, कला, फोटोग्राफी, थिएटर, फिल्म, खेल, उद्योग और विरासत संरक्षण सहित विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य करने वालों को सम्मानित किया जाएगा। पुरस्कारों के नाम जयपुर के इतिहास और राजपरिवार से जुड़ी प्रमुख विभूतियों के नाम पर रखे गए हैं। यह आयोजन जयपुर की ऐतिहासिक विरासत, सांस्कृतिक परंपराओं और विभिन्न क्षेत्रों में योगदान देने वाली प्रतिभाओं को सम्मानित करने का अवसर होगा।

जयपुर में नाबालिग के अपहरण की साजिश का खुलासा, पिता सहित 4 गिरफ्तार

पड़ोसी परिवार पर दबाव बनाने के लिए रची गई थी अपहरण की कथित साजिश, पुलिस ने 48 घंटे में बच्चे को सकुशल बरामद किया

संचार जगत

जयपुर। शिवदासपुरा थाना पुलिस ने नाबालिग बालक के अपहरण के मामले का खुलासा करते हुए बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने बच्चे को 48 घंटे के भीतर सकुशल बरामद कर लिया। मामले में बच्चे के पिता कालूराम मीणा सहित चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस की प्रारंभिक जांच के अनुसार, पड़ोसी परिवार पर दबाव बनाने के इरादे से अपहरण की कथित साजिश रची गई थी। पुलिस के अनुसार, 16 अक्टूबर 2026 को इस संबंध में शिकायत दर्ज कराई गई थी। शिकायत में बताया गया कि नाबालिग बालक पानी लेने के लिए आरओ प्लांट जा रहा था। इसी दौरान रास्ते में बाइक सवार दो नकाबपोश व्यक्तियों ने कथित तौर पर उसका अपहरण कर लिया।

विशेष टीम गठित कर शुरू की जांच

मामले के खुलासे के लिए पुलिस ने विशेष टीम गठित की। टीम ने तकनीकी सहायता और अन्य सुरागों के आधार पर जांच को आगे बढ़ाया। लगातार प्रयासों के बाद पुलिस ने 48 घंटे के भीतर बच्चे को सकुशल बरामद कर लिया। पड़ोसी परिवार पर दबाव बनाने की थी योजना पुलिस की जांच में सामने आया कि बच्चे के पिता कालूराम मीणा और उसके चाचा मुकेश मीणा ने कथित तौर पर पड़ोसी राकेश मीणा और उसके परिजनों पर दबाव बनाने के उद्देश्य से अपहरण की योजना बनाई थी। इस मामले में पुलिस ने कालूराम मीणा सहित चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस मामले से जुड़े अन्य पहलुओं की जांच कर रही है। इस कार्रवाई से अपहरण की घटना के पीछे की कथित साजिश का खुलासा हुआ है।

एशियन पैरा गेम्स में भारत का खाता खुला

मोना ने गोल्ड और अवनि ने जीता सिल्वर

टोयोटा। भारतीय शूटर मोना अग्रवाल और अवनि लेखरा ने यहां ऐची प्रीफ. जनरल शूटिंग गैलरी में महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल स्टैंडिंग एसएच1 इवेंट में गोल्ड और सिल्वर मेडल जीता। मोना ने एशियन पैरा गेम्स का रिकॉर्ड 250 का स्कोर बनाकर गोल्ड मेडल जीता, जबकि अवनि ने 249.6 का स्कोर बनाकर सिल्वर मेडल जीता। इन पदकों के साथ एशियन पैरा गेम्स 2026 में भारत का खाता खुला। दक्षिण कोरिया की युनरी ली ने 227.9 के स्कोर के साथ ब्रॉन्ज मेडल जीता। मोना ने हमवतन अवनि का एशियाड पैरा गेम्स का 249.6 का रिकॉर्ड तोड़ दिया। वह स्लोवाकिया की इरीना शचेतनिक के 252 का वर्ल्ड रिकॉर्ड तोड़ने से चूक गईं। अवनि ने इस जीत के साथ 2028 पैरालंपिक गेम्स के लिए कोटा भी हासिल कर लिया है। मोना ने पिछले महीने वर्ल्ड चैंपियनशिप के दौरान अपनी जगह पक्की की थी। इससे पहले मोना और अवनि ने क्वालीफिकेशन राउंड में भी टॉप किया था।

मनोहरपुर चेयरमैन अर्जुन मनोहरपुरिया का डीके सोनी ने किया स्वागत, त्योहारों पर बाजार में आकर्षक लाइटिंग व सजावट की रखी मांग

मनोहरपुर। चेयरमैन अर्जुन मनोहरपुरिया का श्री श्याम भूतनाथ गौशाला, नवलपुरा के अध्यक्ष धर्मेन्द्र कुमार सोनी (डीके सोनी) ने स्वागत एवं अभिनंदन किया। इस दौरान डॉ. भीमराव अंबेडकर की तस्वीर भेंटकर चेयरमैन को सम्मानित किया गया। स्वागत कार्यक्रम के दौरान डीके सोनी ने आगामी त्योहारों को देखते हुए मनोहरपुर बाजार में आकर्षक लाइटिंग और सजावट करवाने की मांग रखी। उन्होंने कहा कि त्योहारों के अवसर पर बाजार में सुंदर रोशनी और आकर्षक सजावट होने से कस्बे की सुंदरता बढ़ेगी। साथ ही आमजन और व्यापारियों को भी बेहतर माहौल मिलेगा तथा बाजार की रौनक बढ़ेगी इस दौरान मनोहरपुर नदी स्थित रावण दहन स्थल को लेकर भी चर्चा की गई। उपस्थित लोगों ने त्योहारों के दौरान कस्बे में बेहतर व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने और बाजार को आकर्षक बनाने से जुड़े विषयों पर विचार-विमर्श किया। कार्यक्रम में गौशाला सचिव बनवारी लाल यादव, महावीर बडीगर, उमेश यादव, गौशाला उपाध्यक्ष अमरचंद नौरंगा सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।



युवा सचिन प्रजापत की अनूठी पहल, कचरे के ढेर से गांधी चौक को दिलाई नई पहचान

श्रद्धा और संकल्प से बदली तस्वीर, मोहल्लेवासियों ने लिया चौक पर कचरा नहीं डालने का संकल्प



खैरथल। शहर की पुरानी आबादी स्थित गांधी चौक पर युवा सचिन प्रजापत की अनूठी पहल से स्वच्छता की नई अलख जगी है। लंबे समय से गंदगी और कचरे की समस्या से जूझ रहे इस ऐतिहासिक चौक की युवाओं ने साफ-सफाई कर तस्वीर बदलने का प्रयास किया। साथ ही मोहल्लेवासियों ने संकल्प लिया कि अब चौक पर कचरा नहीं डाला जाएगा और इसकी स्वच्छता बनाए रखने में सभी मिलकर सहयोग करेंगे। गांधी चौक कभी क्षेत्र की पहचान और राजनीतिक गतिविधियों का प्रमुख केंद्र हुआ करता था। स्वतंत्रता सेनानी स्वर्गीय दाताराम का निवास स्थान भी इसी चौक पर रहा है और आज भी उनका परिवार यहां निवास करता है। हालांकि, समय के साथ यह ऐतिहासिक चौक गंदगी की समस्या से घिर गया। आसपास के घरों और दुकानों से निकलने वाला कचरा यहां डाले जाने के कारण गंदगी के ढेर लग जाते थे। इसके चलते आवारा पशुओं का जमावड़ा भी लगा रहता था। क्षेत्र में विश्वविख्यात परी माता मंदिर होने के कारण यहां बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं का आवागमन होता है। इसके बावजूद चौक पर फैली गंदगी से स्थानीय निवासियों और राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ता था। स्थानीय लोगों के अनुसार, सफाई कर्मचारियों के सफाई करने के बाद भी यहां दोबारा कचरा डाल दिया जाता था। दुकानदारों और आसपास रहने वाले लोगों के टोकने पर कई बार कहासुनी की स्थिति भी बन जाती थी।

स्वच्छता के लिए सामूहिक जिम्मेदारी जरूरी

इस अवसर पर अध्यापक नरेश लोढ़ा ने युवाओं के प्रयास की प्रशंसा करते हुए कहा कि प्रत्येक युवा को अपनी जिम्मेदारी समझनी चाहिए। उन्होंने आमजन से अपील की कि घरों से निकलने वाला कचरा इधर-उधर डालने के बजाय नगर परिषद के कचरा संग्रहण वाहन में ही डालें। स्वच्छता केवल प्रशासन की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है। सभी के सामूहिक प्रयासों से ही मोहल्ले और शहर को स्वच्छ बनाया जा सकता है। कार्यक्रम में मुकेश सोनी, सचिन प्रजापत, रोहन खंडेलवाल, अमित शर्मा, राजन जोशी, अनिल खंडेलवाल, विजय प्रजापत, शादीलाल प्रजापत, अश्विनी आचार्य गुरुजी, सुनील खंडेलवाल, सचिन शर्मा, कल्ली और नीरज सहित अन्य लोग मौजूद रहे। गांधी चौक पर युवाओं की यह पहल समाज को संदेश देती है कि सार्वजनिक स्थानों को स्वच्छ रखना हर नागरिक की जिम्मेदारी है। यदि प्रत्येक मोहल्ले के युवा और स्थानीय निवासी इसी तरह आगे आएं, तो शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाया जा सकता है।

सचिन प्रजापत ने पहल कर दिखाई राह

गांधी चौक की इस समस्या के समाधान के लिए युवा सचिन प्रजापत ने आगे बढ़कर मोहल्ले के युवाओं से चर्चा की। वरिष्ठजनों के मार्गदर्शन में युवाओं ने सामूहिक रूप से चौक की साफ-सफाई की। इसके बाद अपने घर से भगवान की मूर्ति और धार्मिक चित्र लाकर स्थापित किए गए। ध्वज लगाने के साथ सामूहिक पूजा-अर्चना की गई और प्रसाद चढ़ाया गया। इस पहल के दौरान उपस्थित लोगों ने संकल्प लिया कि भविष्य में गांधी चौक पर कचरा नहीं डाला जाएगा।

जयपुर में अचार में मिलीं मरी छिपकलियां, मच्छर-मक्खियां और मकड़ी के जाल: 85 हजार किलो माल सीज

मुहाना मंडी स्थित श्री श्याम फूड्स पर खाद्य सुरक्षा विभाग की कार्रवाई, फर्म का लाइसेंस निलंबित करने के निर्देश

जयपुर। राजधानी जयपुर में खाद्य सुरक्षा को लेकर बड़ी कार्रवाई सामने आई है। सेंट्रल फूड सेफ्टी डिपार्टमेंट और सीएमएचओ जयपुर सेकंड की संयुक्त टीम ने मुहाना मंडी स्थित मैसर्स श्री श्याम फूड्स पर कार्रवाई करते हुए करीब 85 हजार किलो अचार और उससे संबंधित सामग्री को सीज किया है। जांच के दौरान अचार की टंकियों में मरी हुई छिपकलियां, मच्छर-मक्खियां और मकड़ी के जाले मिलने की बात सामने आई है। बेसमेंट में रखी थीं करीब 100 प्लास्टिक की टंकियां खाद्य सुरक्षा विभाग के अधिकारियों के अनुसार, सोमवार को टीम मुहाना मंडी स्थित फर्म के बेसमेंट में पहुंची। यहां करीब 100 प्लास्टिक की टंकियों में लगभग 80 हजार किलो अलग-अलग प्रकार के अचार का कच्चा माल भरा हुआ था। इसके अलावा करीब 5 हजार किलो तैयार अचार भी पैक करके रखा गया था। गाजर, कैरी, नींबू और मिर्ची का अचार भी शामिल जांच के दौरान तैयार अचार में गाजर, कैरी, नींबू और मिर्ची के अचार की बड़ी मात्रा मिली। परिसर में गंदगी और अचार की टंकियों में मरी हुई छिपकलियां, मच्छर-मक्खियां तथा मकड़ी के जाले मिलने से खाद्य सामग्री की स्वच्छता पर गंभीर सवाल खड़े हुए। 85 हजार किलो सामग्री सीज, लाइसेंस निलंबन के निर्देश खाद्य सुरक्षा विभाग की संयुक्त टीम ने मौके पर कार्रवाई करते हुए करीब 85 हजार किलो कच्चे माल और तैयार अचार को सीज कर दिया। अधिकारियों के अनुसार, सामग्री को नष्ट करवाने के उद्देश्य से सीज किया गया है। साथ ही संबंधित फर्म का लाइसेंस निलंबित करने के निर्देश भी दिए गए हैं। इस कार्रवाई के बाद खाद्य कारोबार में स्वच्छता और खाद्य सुरक्षा मानकों के पालन को लेकर एक बार फिर सवाल उठे हैं। खाद्य सुरक्षा विभाग की ऐसी कार्रवाई का उद्देश्य आमजन को असुरक्षित खाद्य सामग्री की बिक्री और खपत से बचाना है।

काजीपुरा और बोराज में 1.30 करोड़ रुपये से अधिक के सड़क विकास कार्यों का शुभारम्भ

देवनानी ने किया सड़क निर्माण एवं रिन्यूवल कार्यों का शुभारम्भ

जयपुर। विधानसभा अध्यक्ष श्री वासुदेव देवनानी ने सोमवार को अजमेर उत्तर विधानसभा क्षेत्र के वार्ड संख्या 6 काजीपुरा एवं वार्ड संख्या 7 बोराज में विभिन्न सड़क निर्माण, सड़क रिन्यूवल तथा रिटेनिंग वॉल निर्माण कार्यों का शुभारम्भ किया। सार्वजनिक निर्माण विभाग द्वारा करवाए जाने वाले इन कार्यों पर कुल 1 करोड़ 29 लाख 64 हजार रुपये व्यय होंगे। इन कार्यों के पूर्ण होने से ग्रामवासियों, आसपास की कॉलोनियों के निवासियों तथा क्षेत्र से गुजरने वाले लोगों को सुगम एवं सुरक्षित आवागमन की सुविधा मिलेगी। विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने काजीपुरा स्थित तेजा चौक में आयोजित कार्यक्रम में 38.48 लाख रुपये की लागत से वार्ड संख्या 6 में तेजाजी मंदिर से रतन पांचू जी के मकान तक सड़क निर्माण तथा भैरव मंदिर सड़क पर रिटेनिंग वॉल सहित सड़क निर्माण कार्यों का शुभारम्भ किया। इसी क्रम में ग्राम बोराज स्थित उर्मिला गार्डन में आयोजित कार्यक्रम में वार्ड संख्या 7 की बोराज मुख्य सड़क के 55 लाख रुपये की लागत से रिन्यूवल कार्य तथा रावत कॉलोनी में 36.16 लाख रुपये की लागत से विभिन्न मिसिंग लिंक सड़कों के निर्माण कार्यों का शुभारम्भ किया गया। इस अवसर पर देवनानी ने कहा कि इन सड़कों के निर्माण एवं नवीनीकरण से स्थानीय निवासियों के साथ-साथ समीपवर्ती ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को सुगम तथा सुरक्षित यातायात सुविधा मिलेगी। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी निर्माण कार्य निर्धारित समय सीमा में उच्च गुणवत्ता के साथ पूरे किए जाएं, ताकि आमजन को इनका लाभ शीघ्र मिल सके। देवनानी ने कहा कि सड़कें किसी भी क्षेत्र की जीवनरेखा होती हैं। बेहतर सड़कें आवागमन को सुगम बनाने के साथ व्यापार, शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच आसान करती हैं। शहर के समग्र एवं संतुलित विकास के लिए प्रत्येक वार्ड और मोहल्ले में आवश्यकतानुसार विकास कार्य करवाए जा रहे हैं।



किशनपोल में बुजुर्ग पर कुल्हाड़ी से जानलेवा हमला, थाने से महज 200 मीटर दूर वारदात

चोरी की नीयत से घर में घुसने का आरोप, हमले के बाद छत के रास्ते फरार हुआ आरोपी; इलाके की सुरक्षा व्यवस्था पर उठे सवाल

जयपुर। के किशनपोल इलाके में सोमवार सुबह करीब 4 बजे एक बुजुर्ग पर कुल्हाड़ी से हमला किए जाने का मामला सामने आया है। घटना में श्याम शर्मा घायल हो गए। शुरुआती जानकारी के अनुसार, एक व्यक्ति कथित तौर पर चोरी की नीयत से घर में घुसा था। इसी दौरान उसने बुजुर्ग पर कुल्हाड़ी से हमला कर दिया। बताया जा रहा है कि वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी घर की छत के रास्ते फरार हो गया। घटना के बाद इलाके में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सवाल उठने लगे हैं। थाने से महज 200 मीटर दूर वारदात इस घटना में सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि घटनास्थल किशनपोल थाने से महज 200 मीटर की दूरी पर बताया जा रहा है। ऐसे में सवाल उठ रहा है कि थाने के इतने नजदीक वारदात होने के बावजूद आरोपी मौके से फरार कैसे हो गया। बुजुर्गों की सुरक्षा को लेकर चिंता शहर के बीचों-बीच एक बुजुर्ग पर हुए हमले ने स्थानीय सुरक्षा व्यवस्था को लेकर चिंता बढ़ा दी है। घटना के बाद आरोपी की पहचान, गिरफ्तारी और वारदात के वास्तविक कारणों को लेकर पुलिस की कार्रवाई पर लोगों की निगाहें टिकी हैं। अब देखना होगा कि पुलिस आरोपी को कब तक गिरफ्तार कर पाती है और जांच में घटना से जुड़े कौन-कौन से तथ्य सामने आते हैं। किशनपोल की इस घटना ने एक बार फिर शहर में आम नागरिकों, खासकर बुजुर्गों की सुरक्षा को लेकर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने की पंचायत समिति एवं जिला परिषद चुनावों की तैयारियों की समीक्षा

जयपुर। आगामी पंचायत समिति एवं जिला परिषद चुनावों को स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न करवाने के उद्देश्य से उपखंड कार्यालय रामपुरा डाबड़ी में जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) संदेश नायक की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

बैठक में आदर्श आचार संहिता की पालना, मतदान केंद्रों पर मतदाताओं के लिए न्यूनतम आवश्यक सुविधाओं की उपलब्धता, मतदाता सूचियों की स्थिति तथा ईवीएम मशीनों के वितरण एवं संग्रहण की व्यवस्थाओं पर विस्तार से चर्चा की गई। जिला निर्वाचन अधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को सभी चुनावी तैयारियां समयबद्ध तरीके से पूर्ण करने, आदर्श आचार संहिता की सख्ती से ालना सुनिश्चित करने तथा निर्वाचन प्रक्रिया में पारदर्शिता एवं निष्पक्षता बनाए रखने के निर्देश दिए। साथ ही, चुनाव के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने, संवेदनशील क्षेत्रों में विशेष सतर्कता बरतने तथा सभी विभागों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने पर जोर दिया। इस दौरान एसपी ग्रामीण हनुमान मीणा, डीसीपी वेस्ट प्रशांत किरण, उपखंड अधिकारी सुमन चौधरी तहसीलदार धर्मेंद्र स्वामी, नायब तहसीलदार आस्था चंदेलिया, चौमूं एसीपी एवं संबंधित थानों के थानाधिकारी उपस्थित रहे।

सीएम भजनलाल शर्मा ने मां राज राजेश्वरी मंदिर में की पूजा-अर्चना



संचार जगत

जयपुर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सोमवार को मुख्यमंत्री निवास स्थित मां राज राजेश्वरी मंदिर में सपत्नीक विधि-विधान से मां जगदम्बा की पूजा-अर्चना की और प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि एवं खुशहाली के लिए कामना की। उन्होंने देवी स्वरूपा कन्याओं का पूजन कर उनका आशीर्वाद भी लिया।

मुख्यमंत्री ने युवाओं से किया संवाद अनुभव किए साझा, सुझाव भी लिए

संचार जगत



जयपुर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि सामर्थ्यवान, संस्कारवान, नशामुक्त युवा ही विकसित भारत यात्रा के सच्चे सारथी हैं। उन्होंने अष्टमी और महानवमी के पावन अवसर पर शुभकामनाएं देते हुए कहा कि संकल्प, अनुशासन, परिश्रम, नवाचार से युवा अपना अलग मुकाम हासिल करें, युवा सपनों को पूरा करने के लिए सरकार हर कदम पर उनके साथ खड़ी है। मुख्यमंत्री ने सपनों की उड़ान-असंभव कुछ भी नहीं कार्यक्रम में युवाओं से संवाद करते हुए कहा कि युवाओं को दृढ़ संकल्प, आत्मविश्वास और निरंतर परिश्रम के साथ आगे बढ़ना चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी अपनी संकल्प शक्ति से अनेक असंभव माने जाने वाले कार्यों को संभव किया है। उन्होंने कहा कि भारत दुनिया के सबसे युवा देशों में से एक है और युवा शक्ति देश की सबसे बड़ी पूंजी है। युवाओं में ऊर्जा, नवाचार, कुछ नया करने का जुनून और असंभव को संभव बनाने का साहस है। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने युवाओं की क्षमताओं को अवसरों में बदलने के लिए स्टार्टअप इंडिया, डिजिटल इंडिया, स्किल इंडिया और अटल इनोवेशन मिशन जैसी पहल की हैं। इनसे नवाचार, उद्यमिता और स्वरोजगार को बढ़ावा मिला है तथा युवाओं के लिए अवसरों का नया इकोसिस्टम तैयार हुआ है। मुख्यमंत्री ने कहा कि माय भारत प्लेटफॉर्म युवाओं को राष्ट्र निर्माण की मुख्यधारा से जोड़ने का महत्वपूर्ण माध्यम है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार नशामुक्ति के लिए प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि युवाओं को खेल, शिक्षा, कौशल विकास और रोजगार के अवसरों से जोड़ने के लिए मुख्यमंत्री युवा सुयोग पोर्टल शुरू किया है, साथ ही नेतृत्व और नवाचार की भावना विकसित करने के लिए राजस्थान युवा नीति लागू की है। राज्य कौशल नीति-2025 के माध्यम से युवाओं को उद्योगों की आवश्यकताओं के अनुरूप कौशल प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

इस मौकेर पर मुख्यमंत्री ने युवाओं से स्वामी विवेकानंद के उठो, जागो और तब तक नहीं रुको जब तक मंजिल प्राप्त न हो जाए के संदेश को जीवन का मूलमंत्र बनाने का आह्वान किया। इस दौरान नशा मुक्ति पर आधारित नाटिका का मंचन हुआ। इस अवसर पर बड़ी संख्या में विद्यार्थी, खिलाड़ी, राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक, एनसीसी कैडेट एवं अन्य क्षेत्रों के युवा उपस्थित रहे।

आशु सिंह लाछड़ी ने राजेंद्र राठौड़ से की मुलाकात



संचार जगत

जयपुर। संचार जगत के सीएमडी आशु सिंह लाछड़ी ने पूर्व नेता प्रतिपक्ष एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री राजेंद्र सिंह राठौड़ के आवास पर पहुंचकर उनकी कुशलक्षेम पूछी। इस दौरान उन्होंने राठौड़ के स्वास्थ्य की जानकारी ली और उनके जल्द स्वस्थ होने की कामना की। आशु सिंह लाछड़ी ने ईश्वर से प्रार्थना की कि राजेंद्र सिंह राठौड़ शीघ्र स्वस्थ होकर पुनः अपने दैनिक कार्यों में सक्रिय हों। उन्होंने उनके अच्छे स्वास्थ्य और दीर्घायु की मंगलकामना करते हुए जल्द स्वस्थ होने की प्रार्थना की। इस मुलाकात के दौरान राठौड़ के स्वास्थ्य को लेकर शुभकामनाएं व्यक्त की गईं। इस मुलाकात ने दौरान उन्होंने राज्य के विकास सहित कई मसलों पर चर्चा की। हाल ही में स्वास्थ्य संबंधी कारणों से स्वास्थ्य लाभ ले रहे वरिष्ठ भाजपा नेता राजेंद्र सिंह राठौड़ से मिलने पहुंचे आशु सिंह लाछडी ने उनके साथ सौहार्दपूर्ण माहौल में बातचीत की। उन्होंने राजेन्द्र राठौड़ के स्वास्थ्य में हो रहे सुधार की सराहना की और कहा कि राठौड़ साहब की ऊर्जा और जनसेवा के प्रति उनका समर्पण हमेशा अद्वितीय रहा है। उन्होंने भगवान से प्रार्थना की कि वे जल्द से जल्द पूरी तरह स्वस्थ होकर पुनः दोगुनी ऊर्जा के साथ जनसेवा के कार्यों में लौटें। मुलाकात के दौरान आशु सिंह लाछडी ने राजस्थान के राजनीतिक और सामाजिक परिदृश्य में राजेंद्र सिंह राठौड़ के योगदान को रेखांकित किया। राठौड़ राजस्थान सरकार में कैबिनेट मंत्री होने के साथ-साथ पूर्व में नेता प्रतिपक्ष जैसी महत्वपूर्ण भूमिकाओं का कुशलतापूर्वक निर्वहन कर चुके हैं। लाछडी ने कहा कि उनका मार्गदर्शन और अनुभव प्रदेश के विकास और युवाओं के लिए हमेशा प्रेरणादायी रहता है। राजेंद्र राठौड़ ने भी इस आत्मीय मुलाकात और स्वास्थ्य के प्रति जताई गई चिंताओं और शुभकामनाओं के लिए संचार जगत के सीएमडी आशु सिंह लाछडी का आभार व्यक्त किया। इस शिष्टाचार भेंट के दौरान कुछ स्थानीय एवं समसामयिक विषयों पर भी सकारात्मक चर्चा हुई।

जयपुर में दुर्गा पूजा महोत्सव की धूम

108 दीपों से हुई मां दुर्गा की आरती

संचार जगत



जयपुर। जयपुर सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति की ओर से बनीपार्क स्थित जन उपयोगी भवन, गुलाब उद्यान में दुर्गा पूजा महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। महोत्सव के दौरान मां दुर्गा की विधि-विधान से पूजा-अर्चना के साथ विभिन्न धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। महाअष्टमी के अवसर पर महाअष्टमी पूजा, संधि पूजा और कन्या पूजा का भव्य आयोजन किया गया। इस दौरान देवी मां की 108 दीपों से आरती की गई तथा 108 कमल पुष्प और बेलपत्र की माला अर्पित की गई। धार्मिक परंपरा के अनुसार प्रतीकात्मक रूप से मां को कद्दू की बलि भी चढ़ाई गई। पूजा के बाद श्रद्धालुओं को भोग प्रसाद वितरित किया गया।

सामाजिक एकता का संदेश लेकर निकली पदयात्रा



संचार जगत

भीलवाड़ा। संपूर्ण जगत के कल्याण, सामाजिक एकता, शांति और सद्भाव की मंगलकामना के साथ भीलवाड़ा विधायक अशोक कुमार कोठारी के नेतृत्व में भीलवाड़ा से अरावली पर्वतमाला की पहाड़ियों पर स्थित भरका माता मंदिर तक पदयात्रा निकाली गई। 17 वर्षों से लगातार आयोजित हो रही इस पदयात्रा का उद्देश्य समाज में आपसी भाईचारे, सकारात्मकता और आध्यात्मिक चेतना को बढ़ावा देने के साथ पशु-पक्षियों एवं गौवंश के कल्याण की कामना करना है। पदयात्रा का शुभारंभ नवकार कॉम्प्लेक्स के बाहर भरका माता और गौमाता के जयकारे के उदघोष के साथ हुआ। इसके बाद सभी सहभागी पदयात्री कारोई स्थित विनायक विद्या पीठ पहुंचे। यहां धन्नाजी का खेड़ा ग्राम से प्रकृति के वातावरण में निधि वन होते हुए भरका माता मंदिर तक की यात्रा जंगल और पहाड़ी मार्गों से मौन रहकर पूरी की गई। पदयात्रा के दौरान विभिन्न स्थानों पर धार्मिक भजनों की प्रस्तुतियों से वातावरण भक्तिमय बना रहा। मार्ग में आने वाले विभिन्न ग्रामों में ग्रामीणों ने पदयात्रियों का स्वागत किया। आयोजन में शामिल श्रद्धालुओं ने समाज में प्रेम, भाईचारे और सद्भाव की भावना को मजबूत करने का संकल्प व्यक्त किया। भरका माता मंदिर पहुंचने के बाद भरका माता के दर्शन कर गौशाला में गौवंश को शुद्ध घी से निर्मित लापसी खिलाई गई।

चित्रकूट स्टेडियम में इस बार होगा 100 फीट ऊंचे रावण का दहन

संचार जगत



जयपुर। चित्रकूट स्टेडियम में 100 फीट उंचे रावण, मेघनाद और कुंभकरण का दहन किया जाएगा। सुरमन संस्थान द्वारा मेले में रावण दहन के अलावा सुरमन बाल आश्रम में रहने वाले बच्चों द्वारा संगीतमय रामायण की प्रस्तुति भी की जाएगी। सुरमन संस्थान की सचिव मनन चतुर्वेदी ने बताया कि जयपुर के महापौर सुनील कोठारी दीप प्रज्ज्वलन कर इस मेले की शुरूआत करेंगे। सुरमन संस्थान 2008 से दशहरा मेला और रावण दहन का कार्यक्रम आयोजित कर रहा है। इस बार रावण बनाने वाले कारीगर मेरठ से आए हैं। इस अवसर पर आतिशबाजी का भी आयोजन किया जाएगा।

श्रावक-श्राविकाओं ने लिए आयंबिल तप के प्रत्याख्यान

संचार जगत



भीलवाड़ा। शहर के शांतिभवन में नवपद आयंबिल ओलीजी तप आराधना चल रही है। इसके दूसरे दिन नमो सिद्धाणं पद का ध्यान करवाया गया। इस अवसर पर श्रमण संघीय युवाचार्य महेन्द्र ऋषि ने कहा कि जैन दर्शन के अनुसार जब कोई जीव सिद्ध गति प्राप्त करता है, तब अनादिकाल से निगोद में स्थित एक जीव को बाहर निकलकर संसार की अन्य अवस्थाओं में आने का अवसर मिलता है। इस दृष्टि से सिद्ध परमात्मा की मुक्ति दूसरे जीव के विकास का निमित्त भी बनती है। इस मौके पर सिद्ध अवस्था का स्वरूप समझाते हुए युवाचार्यश्री ने कहा कि चार घाती कर्मों के क्षय से आत्मा अरिहंत अवस्था प्राप्त करती है। शेष चार अघाती कर्मों का पूर्ण नाश होने पर देह और संसार के बंधनों से मुक्त होकर सिद्ध बनती है। नवपद आयंबिल ओलीजी तप के अंतर्गत साध्वीवृंद सहित 130 से अधिक श्रावक-श्राविकाओं ने युवाचार्यश्री से सामूहिक रुप से प्रत्याख्यान ग्रहण किए। धर्मसभा में देश के विभिन्न प्रांतों एवं आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालू उपस्थित रहे।

बच्चों को सिखाया बुराइयों पर जीत का पाठ

संचार जगत



जयपुर। दशहरे के अवसर पर ब्राइट बिगिनिंग्स न्यू डॉन वेलफेयर फाउंडेशन के बच्चों ने अपनी कल्पनाशक्ति और हुनर से कार्डबोर्ड व रंगीन कागजों की मदद से रावण का निर्माण किया। इस गतिविधि के जरिए बच्चों ने जहां अपनी कलात्मक प्रतिभा दिखाई, वहीं आपसी सहयोग और रचनात्मकता का संदेश भी दिया। संस्था की संस्थापक एवं निदेशक ज्योति महाजन ने बताया कि इस पहल का उद्देश्य बच्चों में रचनात्मकता को बढ़ावा देने के साथ उनमें नैतिक मूल्यों और अच्छे संस्कारों का विकास करना है। गतिविधि के दौरान बच्चों को रामायण के आदर्शों के साथ सत्य, धैर्य, विनम्रता और सदाचार की सीख दी गई। कार्यक्रम ने संदेश दिया कि दशहरे का वास्तविक अर्थ केवल रावण दहन करना नहीं, बल्कि अपने भीतर छिपे अहंकार, क्रोध और अन्य बुराइयों का अंत करना भी है। इस तरह बच्चों ने अपनी कला के माध्यम से बुराई पर अच्छाई की जीत का महत्व समझा।

सरकार गिराना हमारा टारगेट नहीं: थरूर

संचार जगत



तिरुवनंतपुरम। कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने कहा कि भारत न बांग्लादेश, न ही फ्रांस है। इसकी तुलना गलत है। सोमवार को केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू के सत्ता परिवर्तन कराने के आरोपों का जवाब दिया।उन्होंने कहा कि हमारा सरकार गिराना टारगेट नहीं है। वे किरन रिजिजू के बयान का जवाब दे रहे थे जिसमें रिजिजू ने विपक्ष पर साजिश रचने का आरोप लगाया था। थरूर ने कहा कि मेरा मानना है कि भारत बांग्लादेश नहीं है और भारत फ्रांस भी नहीं है। मुझे ये तुलना खास तौर पर प्रासंगिक नहीं लगती। हम फ्रांस में हुई बसों और पुलिस स्टेशनों को आग लगाने जैसी किसी भी हिंसा को कभी सही नहीं ठहराएंगे। हम केवल शांतिपूर्ण प्रदर्शन में विश्वास करते हैं। मैंने भी इसी तरह के प्रदर्शनों में हिस्सा लिया है और मेरा मानना है कि विपक्ष भी सामान्य तौर पर इसी का समर्थन करता है। जहां तक बड़े मुद्दों की बात है, 'रिजीम चेंज' जैसे शब्दों को तोड़-मरोड़कर पेश करने का कोई मतलब नहीं है। इसका किसी सरकार को गिराने या सत्ता परिवर्तन की कोशिश से कोई संबंध नहीं है।

खाद्य सुरक्षा विभाग ने श्री श्याम फूड्स पर की कार्रवाई

संचार जगत



जयपुर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा एवं चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर के मार्गदर्शन में आमजन को शुद्ध एवं सुरक्षित खाद्य पदार्थ उपलब्ध कराने के लिए प्रदेश में शुद्ध आहार-मिलावट पर वार अभियान जारी है। केंद्रीय खाद्य सुरक्षा दल एवं सीएमएचओ जयपुर द्वितीय की टीम ने मुहाना मंडी स्थित मैसर्स श्री श्याम फूड्स पर कार्रवाई की। निरीक्षण के दौरान करीब 85 हजार किलोग्राम आचार एवं आचार बनाने के लिए रखे कच्चे माल को नष्ट करवाने के लिए सीज किया गया। निरीक्षण के दौरान फर्म के बेसमेंट में प्लास्टिक की करीब 100 टंकियों में विभिन्न प्रकार का आचार और कच्चा माल रखा मिला। टंकियों की जांच करने पर उनमें मच्छर, मकड़ियां और जाले पाए गए। एक-दो टंकियों में मृत छिपकलियां भी मिलीं। परिसर में अत्यधिक गंदगी के साथ खिड़कियां और जालियां टूटी हुई पाई गईं। खाद्य सुरक्षा दल ने मौके से सॉस, मिक्स आचार और आम के आचार के नमूने जांच के लिए लिए। इसके अतिरिक्त करीब 1,700 किलोग्राम पैकिंग किए हुए आचार एवं सॉस को भी सीज किया गया। खाद्य सामग्री के दूषित होने की आशंका को देखते हुए करीब 85 हजार किलोग्राम आचार एवं कच्चे माल को नष्ट करवाने की कार्रवाई की जा रही है। खाद्य सामग्री के अवैध विक्रय अथवा उसे खुर्द-बुर्द किए जाने की आशंका को देखते हुए परिसर को सील कर खाद्य कारोबार पर अग्रिम आदेशों तक रोक लगा दी गई है।

अंतरराज्यीय मोबाइल चोर गिरोह पकड़ा

संचार जगत



जयपुर। जयपुर पुलिस ने अंतरराज्यीय मोबाइल चोर गिरोह का खुलासा किया है। सिंधी कैम्प थाना पुलिस ने गिरोह के तीन बदमाशों को अरेस्ट किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी के 19 मोबाइल बरामद किए है। गिरोह के बदमाश मेवात में चोरी के मोबाइल बेचते, जिसका यूज साइबर फ्रॉड में किया जाता था। पुलिस गिरफ्तार तीनों आरोपियों से पूछताछ कर रही है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से राजस्थान के विभिन्न इलाकों से चुराए 19 मोबाइल बरामद किए गए। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से वारदात में यूज स्विफ्ट कार और दो मोबाइल भी जब्त किए है। पुलिस के अनुसार आरोपियों ने अब तक करीब 150-200 मोबाइल मेवात हरियाणा भेजने की बात कही है।

अकरम बहरूपिया को मिला उस्ताद बिस्मिल्लाह खान युवा पुरस्कार

संचार जगत



दौसा। बांदीकुई के अकरम बहरूपिया को उस्ताद बिस्मिल्लाह खान युवा पुरस्कार से नवाजा गया है। संगीत नाटक अकादमी ने अकरम बहरूपिया को लोक कला के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए यह पुरस्कार दिया है। नई दिल्ली में आयोजित अलंकरण समारोह में केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने अकरम को यह राष्ट्रीय सम्मान प्रदान किया। समारोह में में पद्मश्री अनवर खान मांगणियार सहित देश भर से आए कला, रंगमंच और संगीत जगत के कई मूर्धन्य विद्वान एवं वरिष्ठ कलाकार मौजूद रहे। सभी ने अकरम को इस उपलब्धि पर बधाई दी। देश में बहरूपिया कला को पहली बार यह राष्ट्रीय अवार्ड मिला। उन्होंने बताया कि वे लंबे समय से इस पारंपरिक लोक विधा को जीवित रखे हुए हैं और देश के विभिन्न राज्यों के अलावा अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी विदेशों में बहरूपिया कला का सफल प्रदर्शन कर भारतीय संस्कृति का परचम लहरा चुके हैं।

तनिका शर्मा का टी -20 क्रिकेट टीम में हुआ चयन



संचार जगत

दौसा। दौसा जिले की होनहार क्रिकेटर तनिका शर्मा ने अपनी उत्कृष्ट बल्लेबाजी के दम पर राज्य स्तर पर जिले का नाम रोशन किया है। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड द्वारा आयोजित की जाने वाली सीनियर महिला टी-20 चैंपियनशिप के लिए तनिका शर्मा का चयन राजस्थान की सीनियर महिला टीम में टॉप ऑर्डर बल्लेबाज के रूप में हुआ है। राजस्थान क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित सीनियर महिला कैंप और स्टेट चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन के आधार पर चयनकर्ताओं ने उन्हें राजस्थान की मुख्य टीम में शामिल करने का फैसला किया है।

पश्चिमी विक्षोभ से राजस्थान में बदला मौसम का मिजाज

बारिश-ओलावृष्टि से बढ़ी ठंड



जयपुर। राजस्थान में पिछले दो दिनों से मौसम में बदलाव देखने को मिल रहा है। कई जिलों में बारिश और जयपुर और अजमेर में ओलावृष्टि के कारण तापमान में गिरावट आई है। पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से सोमवार को सवाई माधोपुर में रुक-रुक कर बारिश हुई, जिससे किसानों में फसलों को नुकसान पहुंचने की आशंका बढ़ गई है। रविवार को जयपुर, सवाई माधोपुर, टोंक, बारां और अजमेर समेत कई जिलों में बारिश दर्ज की गई। जयपुर और अजमेर में भी ओलावृष्टि की खबर मिली। बादल छाए रहने और कम धूप निकलने के कारण कई इलाकों में दिन का तापमान सामान्य से नीचे रहा, वहीं ठंडी रातों ने ठंडक का एहसास कराया। रविवार को राजस्थान के 10 से अधिक शहरों में न्यूनतम तापमान 20 डिग्री सेल्सियस से नीचे गिर गया। माउंट आबू में सबसे कम न्यूनतम तापमान 15.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। बारिश, ओलावृष्टि और कम धूप के कारण राज्य के कई हिस्सों में तापमान में गिरावट आई है, जिससे सुबह, शाम और रातें काफी ठंडी हो गई हैं। मौसम विज्ञान केंद्र ने अगले तीन से चार दिनों तक राजस्थान में शुष्क मौसम का पूर्वानुमान लगाया है। आसमान अधिकतर साफ रहने की संभावना है और अधिकांश क्षेत्रों में धूप खिली रहेगी। हालांकि, 22-23 अक्टूबर के आसपास एक और पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने की संभावना है, जिससे मौसम में नए सिरे से बदलाव आ सकता है।

संपादकीय

सियासत का खानदानी चरित्र

हिमाचल में सियासत का चरित्र खानदानी रहा है और इसे प्रमाणित करते कई विधायक आज भी शिरकत कर रहे हैं। वर्तमान विधानसभा में भी करीब तेरह विधायक इसी परंपरा का निर्वहन करते हुए अपनी उपस्थिति दर्ज कर रहे हैं, जबकि लोकसभा के प्रतिनिधित्व में अनुराग ठाकुर का कद इसी परिभाषा को सुदृढ़ कर रहा है। इस समय चर्चाओं के शिखर पर मंडी के विधायक अनिल शर्मा हैं, क्योंकि उनके साथ पंडित सुख राम की राजनीतिक विरासत जोड़ कर देखी जा रही है। वह पल में भाजपा को माशा करके खुद में तोला तौल लेते हैं। यानी कि सियासत के गरबा नृत्य में वह गोल-गोल घूम कर ऐसे बयान दाग रहे हैं, जिससे भाजपा के अनुशासन के बाहर असमंजस हैं। ऐसे सवाल यही कि क्या अनिल शर्मा पुनः खानदानी विरासत के पलड़े पर बैठ कर दूसरे पलड़े में छलांग लगा कर अपना वजन तय करेंगे और क्या नया भार उन्हें नई पार्टी में मिलेगा। खैर यह उनके लिए ऐसी स्थिति है जो सियासी पैमाने से ऊपर और खानदानी रिवायत के करीब है। हिमाचल के राजनीतिक अध्याय पुत्रों, बेटियों और बीवियों के महत्त्व का श्रृंगार करते-करते आज गढ़ बन चुके हैं, तो इसलिए कि पार्टियों में आम कार्यकर्ताओं को पीछे की पांत में बैठाया जाता है। प्रमुखतः दो ही पार्टियों के बीच झूलते समीकरण यह इजाजत नहीं देते कि किसी तीसरे मोर्चे का घर आंगन देखा जाए। हर चुनाव में कोशिश होती है। कुछ नेताओं ने सफलतापूर्वक कुछ कदम उठाए भी, लेकिन बदलाव की ईंटें पिघल गईं। पंडित सुखराम के अलावा विजय सिंह मनकोटिया की आवाज में यह जादू रहा कि तीसरे मंच पर सियासत कुछ हद तक एकत्रित हुई, वरना वंशवाद की पहचान में कांग्रेस ने अपनी परंपराओं को पार्टी बना दिया। इसी विधानसभा में विक्रमादित्य सिंह, आरएस बाली, आशीष बुटेल, भवानी पठानिया, अनिल शर्मा, हर्षवर्धन, सुधीर शर्मा, विनय कुमार, रोहित ठाकुर, विनोद सुल्तानपुरी, विवेक शर्मा, भुवनेश्वर गौड़ और कमलेश ठाकुर की मौजूदगी से वंशवाद का नारा बुलंद होता है। कुछ नए चेहरे या कुछ स्थापित नेताओं की सेवानिवृत्ति अपने ही घर के चिराग के नीचे होगी, तो हमें याद करना होगा कि चंद्र कुमार का आशीर्वाद नीरज भारती की दलील देगा और धनी राम शांडिल बड़े अरमानों से अपने बेटे कर्नल शांडिल को आगे कर रहे हैं। पूर्व विधायक ठाकुर सिंह भरमौरी भी चाहते हैं कि पार्टी का अगला टिकट उनके परिवार के संरक्षण में रहे। ऐसे में सियासत इस समय ऐसे दौर में जा रही जहां माप तौल की फितरत में कुछ खानदान दबाव बढ़ा कर वजूद की निशानियां खोज रहे हैं या राजनीतिक मसौदे बदलकर कहीं न कहीं कूदने की तैयारी कर रहे हैं। शांता कुमार सरीखे पूर्व मुख्यमंत्री ही अपवाद है जिन्होंने अपनी वसीयत में राजनीति को नहीं बांटा, वरना अब तो पंचायत चुनाव भी वंशवाद की परंपराओं से चल रहे हैं।

आस्था के सैलाब में कब तक गुम होती रहेगी जिंदगियां?




कोलकाता में दुर्गापूजा के दौरान चोरबागान के सार्वजनिक पूजा पंडाल में हुई भगदड़ और उसमें 19 लोगों की मौत तथा 25 से अधिक लोगों के घायल होने की खबर ने पूरे देश को स्तब्ध कर दिया। यह केवल एक हादसा नहीं, बल्कि हमारी सामूहिक संवेदनहीनता, प्रशासनिक लापरवाही और धार्मिक आयोजनों के प्रति गैर-जिम्मेदार दृष्टिकोण पर लगा एक गंभीर प्रश्नचिह्न है। जिन पंडालों में लोग श्रद्धा, भक्ति, उल्लास और आध्यात्मिक शांति की तलाश में पहुंचते हैं, वहां यदि उन्हें जीवन की सुरक्षा का भरोसा भी न मिले, तो इससे बड़ी विडंबना क्या होगी? मां दुर्गा की आराधना शक्ति, साहस और अन्याय के विनाश का प्रतीक है, लेकिन उसी आराधना के बीच निर्दोष लोगों की सांसें थम जाएं, तो हमें अपने आयोजन, अपनी व्यवस्थाओं और अपनी प्राथमिकताओं पर गंभीरता से विचार करना ही होगा। आखिर आस्था के इस सैलाब में इंसानी जिंदगियां कब तक बहती रहेंगी? सबसे बड़ा प्रश्न यह नहीं कि हादसा कैसे हुआ, बल्कि यह है कि हादसे होने ही क्यों दिए जाते हैं? देश में धार्मिक मेलों, मंदिरों, तीर्थस्थलों, उत्सवों और राजनीतिक रैलियों में भगदड़ की घटनाएं बार-बार सामने आती रही हैं। हर बार कुछ परिवारों के घरों के चिराग बुझ जाते हैं, बच्चों के सिर से माता-पिता का साया उठ जाता है, किसी मां की गोद सूनी हो जाती है और किसी जीवनसाथी का संसार उजड़ जाता है। कुछ समय तक शोक, संवेदना, मुआवजे और जांच की खबरें सुर्खियों में रहती हैं, फिर सब कुछ सामान्य होने लगता है। व्यवस्थाएं जस की तस बनी रहती हैं और अगली त्रासदी का इंतजार शुरू हो जाता है। क्या हमारी व्यवस्था की संवेदनशीलता केवल हादसे के बाद जागने तक सीमित रह गई है? क्या मानवीय जीवन का मूल्य किसी आर्थिक सहायता या सरकारी घोषणा से चुकाया जा सकता है? आखिर सनातन की गौरवमय संस्कृति को धुंधलाने की इन त्रासद एवं विडम्बनापूर्ण घटनाओं के लेकर हम कब चेतेंगे? किसी भी हादसे में मृतकों के परिजनों को आर्थिक सहायता देना आवश्यक है। संकट की घड़ी में सरकार का सहयोग प्रभावित परिवारों को संबल देता है, लेकिन मुआवजा किसी की जिंदगी वापस नहीं ला सकता। एक परिवार की आर्थिक क्षति की भरपाई संभवतः धन से हो जाए, मगर उस मां के आंसुओं का मूल्य कौन चुकाएगा, जिसने अपने जवान बेटे को खो दिया? उस बच्चे के भय और खालीपन को कौन भरेगा, जिसने भीड़ में अपने माता-पिता को हमेशा के लिए खो दिया? इसलिए सरकारों की जिम्मेदारी केवल राहत राशि घोषित करना नहीं, बल्कि ऐसी परिस्थितियां पैदा होने से पहले रोकना है, जिनमें नागरिकों को अपनी जान गंवानी पड़े। मृत्यु के बाद मुआवजा देना शासन का मानवीय दायित्व है, लेकिन मृत्यु से पहले सुरक्षा सुनिश्चित करना उसका अनिवार्य कर्तव्य है। धार्मिक आयोजनों की भव्यता और लोकप्रियता के साथ एक अस्वस्थ प्रतिस्पर्धा भी बढ़ती दिखाई देती है। विशाल पंडाल, आकर्षक सजावट, भव्य प्रतिमाएं, रोशनी, प्रचार और अधिकाधिक श्रद्धालुओं की उपस्थिति को आयोजन की सफलता का पैमाना मान लिया जाता है। लेकिन क्या किसी आयोजन की सफलता का मूल्यांकन केवल वहां उमड़ने वाली भीड़ से होना चाहिए? क्या आयोजकों और समितियों को यह नहीं समझना चाहिए कि श्रद्धालुओं की संख्या जितनी अधिक होगी, उनकी सुरक्षा की जिम्मेदारी भी उतनी ही बड़ी होगी? संकरी गलियों, सीमित निकास द्वारों, अवरुद्ध रास्तों और अपर्याप्त सुरक्षा व्यवस्थाओं के बीच हजारों लोगों को प्रवेश देना उत्सव की सफलता नहीं, बल्कि एक संभावित त्रासदी को आमंत्रण देना है। कोलकाता की घटना ने एक बार फिर स्पष्ट किया है कि भीड़ प्रबंधन कोई औपचारिकता नहीं, बल्कि जीवन रक्षा की अनिवार्य व्यवस्था है। किसी भी बड़े धार्मिक आयोजन से पहले स्थल की क्षमता का वैज्ञानिक आकलन होना चाहिए। प्रवेश और निकास के रास्ते अलग-अलग तथा पर्याप्त चौड़े हों, आपातकालीन निकास स्पष्ट रूप से चिह्नित हों, भीड़ की आवाजाही एक दिशा में नियंत्रित की जाए और प्रशिक्षित कर्मियों की पर्याप्त तैनाती हो। सीसीटीवी, सार्वजनिक उद्घोषणा प्रणाली, चिकित्सा सहायता, एंबुलेंस तथा अग्निशमन सेवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। बारिश, बिजली बाधित होने, अचानक अफवाह फैलने या किसी अप्रत्याशित घोषणा से भीड़ का व्यवहार बदल सकता है। इसलिए हर आयोजन में आपातकालीन योजना, नियमित अभ्यास और त्वरित प्रतिक्रिया की व्यवस्था होनी चाहिए। सुरक्षा की तैयारी हादसे के बाद नहीं, आयोजन की योजना बनाते समय शुरू होनी चाहिए। इस पूरे परिदृश्य में प्रशासन की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण है। पुलिस और स्थानीय प्रशासन को केवल अनुमति जारी करने अथवा आयोजन के दौरान औपचारिक निरीक्षण करने तक सीमित नहीं रहना चाहिए। अनुमति से पहले स्थल का निरीक्षण, भीड़ की संभावित संख्या का आकलन, सुरक्षा मानकों की जांच और निकास मार्गों की उपलब्धता का सत्यापन अनिवार्य होना चाहिए। निर्धारित क्षमता से अधिक लोगों को प्रवेश देने पर तत्काल रोक लगाई जाए। नियमों का उल्लंघन करने वाले आयोजकों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई हो और यदि जांच में अधिकारियों की लापरवाही सामने आए, तो उनकी जवाबदेही भी तय की जाए। किसी समिति का प्रभाव, किसी आयोजक की प्रतिष्ठा या किसी उत्सव की लोकप्रियता कानून और नागरिक सुरक्षा से ऊपर नहीं हो सकती। जवाबदेही के बिना सुरक्षा केवल कागजी घोषणा बनकर रह जाती है। साथ ही यह मान लेना भी उचित नहीं कि हर भगदड़ का कारण केवल प्रशासनिक विफलता है। कई बार अफवाह, धक्का-मुक्की, अचानक आगे बढ़ने की प्रवृत्ति और दूसरों की सुरक्षा की चिंता किए बिना स्वयं निकलने की कोशिश भी स्थिति को भयावह बना देती है। इसलिए आम नागरिकों की जिम्मेदारी भी कम नहीं है। धार्मिक स्थल पर पहुंचकर संयम बनाए रखना, निर्धारित मार्गों का पालन करना, धक्का न देना, बच्चों और बुजुर्गों का विशेष ध्यान रखना तथा आधिकारिक निर्देशों को सुनना आवश्यक है। यदि भीड़ असामान्य रूप से घनी हो जाए, तो आगे बढ़ने की जिद करने के बजाय सुरक्षित स्थान पर रुकना और निर्देशों का पालन करना चाहिए। आयोजकों को भी श्रद्धालुओं के बीच जागरूकता फैलानी चाहिए कि भक्ति का अर्थ अव्यवस्था नहीं, बल्कि अनुशासन और दूसरों के जीवन के प्रति सम्मान है।

कोलकाता में दुर्गापूजा के दौरान चोरबागान के सार्वजनिक पूजा पंडाल में हुई भगदड़ और उसमें 19 लोगों की मौत तथा 25 से अधिक लोगों के घायल होने की खबर ने पूरे देश को स्तब्ध कर दिया। यह केवल एक हादसा नहीं, बल्कि हमारी सामूहिक संवेदनहीनता, प्रशासनिक लापरवाही और धार्मिक आयोजनों के प्रति गैर-जिम्मेदार दृष्टिकोण पर लगा एक गंभीर प्रश्नचिह्न है। जिन पंडालों में लोग श्रद्धा, भक्ति, उल्लास और आध्यात्मिक शांति की तलाश में पहुंचते हैं, वहां यदि उन्हें जीवन की सुरक्षा का भरोसा भी न मिले, तो इससे बड़ी विडंबना क्या होगी? मां दुर्गा की आराधना शक्ति, साहस और अन्याय के विनाश का प्रतीक है, लेकिन उसी आराधना के बीच निर्दोष लोगों की सांसें थम जाएं, तो हमें अपने आयोजन, अपनी व्यवस्थाओं और अपनी प्राथमिकताओं पर गंभीरता से विचार करना ही होगा।

जिन पंडालों में लोग श्रद्धा, भक्ति, उल्लास और आध्यात्मिक शांति की तलाश में पहुंचते हैं, वहां यदि उन्हें जीवन की सुरक्षा का भरोसा भी न मिले, तो इससे बड़ी विडंबना क्या होगी? मां दुर्गा की आराधना शक्ति, साहस और अन्याय के विनाश का प्रतीक है, लेकिन उसी आराधना के बीच निर्दोष लोगों की सांसें थम जाएं, तो हमें अपने आयोजन, अपनी व्यवस्थाओं और अपनी प्राथमिकताओं पर गंभीरता से विचार करना ही होगा।

सीखने की कोई उम्र नहीं होती...



आमतौर पर मां-बाप अपने बच्चों को ज्यादा देर तक मोबाइल या वीडियो गेम खेलने से रोकते हैं, लेकिन चीन की 60 वर्षीय झोंग जुआनजुआन की कहानी कुछ अलग है। कभी वह अपने बेटे को गेम खेलने से रोकने के लिए इंटरनेट कैफे तक पहुंच जाती थीं, लेकिन आज वही गेमिंग उनकी पहचान बन चुकी है। इंटरनेट की दुनिया में वह आंटी जुआन के नाम से मशहूर हैं और हजारों लोग उन्हें लाइव गेम खेलते हुए देखना पसंद करते हैं। झोंग चीन के ग्वांगडोंग प्रांत के मेइझोउ के बाहरी इलाके में रहती हैं। उन्होंने सिर्फ प्राथमिक स्तर तक पढ़ाई की है और जिंदगी में कई तरह के छोटे-मोटे काम किए। करीब एक दशक पहले उन्होंने काम से रिटायरमेंट ले लिया था। हालांकि, उनकी जिंदगी में बड़ा बदलाव साल 2020 में आया, जब उनका छोटा बेटा नौकरी छोड़कर घर पर रहने लगा और अपना काफी समय ऑनलाइन गेम खेलने में बिताने लगा। जिस गेम के लिए बेटे को डांटती थीं, वही खुद खेलने लगीं बेटे को घंटों गेम खेलते देखकर झोंग को करीब दो दशक पुरानी बातें याद आने लगीं। उस समय उनका बेटा स्कूल में पढ़ता था और गेमिंग की वजह से उसकी पढ़ाई प्रभावित हो रही थी। झोंग कई बार उसे ढूंढते हुए इंटरनेट कैफे पहुंच जाती थीं और वहां से घर वापस ले आती थीं। लेकिन सालों बाद परिस्थितियां पूरी तरह बदल गईं। एक दिन झोंग के मन में सवाल आया कि आखिर गेम में ऐसी क्या खास बात है, जिसकी वजह से उनका बेटा घंटों इसमें लगा रहता है। इसी जिज्ञासा ने उन्हें खुद गेम खेलने के लिए प्रेरित किया। बेटे ने उन्हें गेमिंग की शुरुआती बारीकियां समझाईं और धीरे-धीरे मां ने भी इसमें दिलचस्पी लेना शुरू कर दिया। शुरुआत में झोंग को गेमिंग में काफी परेशानी हुई। कभी उनका कैरेक्टर दीवार से टकरा जाता, तो कभी वह सही दिशा में जाने के बजाय दूसरी तरफ घूम जातीं। वर्चुअल सीढ़ियां चढ़ना तक उनके लिए चुनौती बन जाता था। उम्र के साथ कमजोर होती नजर और प्रतिक्रिया देने में लगने वाला ज्यादा समय भी उनके सामने चुनौती थी। इसके बावजूद उन्होंने अभ्यास करना नहीं छोड़ा। लगातार प्रैक्टिस के बाद उनकी गेमिंग स्किल बेहतर होती गई और साल 2022 में उन्होंने लाइवस्ट्रीमिंग शुरू कर दी। झोंग की लोकप्रियता तब तेजी से बढ़ी, जब दर्शकों ने उन्हें शूटिंग गेम्स में शानदार प्रदर्शन करते देखा। उनकी उम्र के बावजूद उनका गेम खेलने का अंदाज और आत्मविश्वास लोगों को काफी पसंद आया। वह गेमिंग कम्युनिटी में इस्तेमाल होने वाली कई टर्म्स और भाषा से भी अच्छी तरह परिचित हैं। झोंग अब तक 8 हजार घंटे से ज्यादा गेमिंग कर चुकी हैं। दिसंबर 2024 में उन्हें काउंटर स्ट्राइक ग्लोबल ओफेंसिव के एक ऑनलाइन प्रदर्शनी मैच में खेलने का मौका मिला। इस मैच में 17 वर्षीय रूसी गेमिंग स्टार डोंक भी शामिल थे। मुकाबले के दौरान झोंग ने उन्हें आउट कर दर्शकों को हैरान कर दिया। जैसे-जैसे उनकी लोकप्रियता बढ़ी, कुछ लोगों ने उनकी गेमिंग क्षमता पर सवाल भी उठाए। कुछ दर्शकों को शक था कि शायद कोई दूसरा व्यक्ति उनके लिए गेम खेलता है। इन सवालों का जवाब देने के लिए उनके बेटे ने गेमिंग सेटअप के आसपास कई कैमरे लगाए, ताकि दर्शक अलग-अलग एंगल से उन्हें खुद गेम खेलते हुए देख सकें। झोंग का कहना है कि उम्र किसी व्यक्ति की पसंद और सीखने की क्षमता तय नहीं करती। उनका मानना है कि मां होने का मतलब यह नहीं है कि महिला की जिंदगी सिर्फ घर और घरेलू जिम्मेदारियों तक सीमित हो जाए। झोंग के लिए गेमिंग सिर्फ मनोरंजन नहीं है। वह इसे कुछ नया सीखने और दिमाग को सक्रिय रखने का एक तरीका भी मानती हैं। खास बात यह है कि जिस बेटे को कभी वह गेम खेलने से रोकती थीं, आज वही उनके गेमिंग करियर में उनकी मदद करता है। उनका बेटा अब उनका फुल-टाइम एजेंट भी है। हालांकि, वह मां को लेकर काफी सतर्क भी रहता है। बताया जाता है कि रात करीब 12 बजे वह इंटरनेट बंद कर देता है, ताकि झोंग देर रात तक गेम खेलती न रहें। आज आंटी जुआन की पहचान सिर्फ ऑनलाइन दुनिया तक सीमित नहीं है। उनकी बढ़ती लोकप्रियता का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि अब लोग उन्हें बाजार में भी पहचानने लगे हैं। हाल ही में एक व्यक्ति ने उन्हें देखते ही बताया कि वह उन्हें ऑनलाइन गेम खेलते हुए देख चुका है। कभी बेटे की गेमिंग की वजह से परेशान रहने वाली झोंग जुआनजुआन ने उसी दुनिया में अपनी अलग पहचान बना ली है। उनकी कहानी इस बात की मिसाल है कि सीखने और खुद को नए तरीके से आजमाने की कोई उम्र नहीं होती।

नवरात्र में झलकते हैं गरबा के विविध रूप



भारतीय संस्कृति में नृत्य और संगीत को ईश्वर तक पहुंचने का सबसे सरल मार्ग माना गया है। नवरात्र के दौरान खेला जाने वाला गरबा इसी सांस्कृतिक और धार्मिक परंपरा का अद्भुत उदाहरण हैं। गरबा केवल गुजरात की सांस्कृतिक पहचान नहीं बल्कि आज पूरे विश्व में शक्ति-उपासना का पर्याय बन चुका है। गोल घेरे में घूमकर किया जाने वाला यह नृत्य इस बात का प्रतीक है कि यह संपूर्ण ब्रह्मांड चलायमान है और मां दुर्गा ही इसका केंद्र हैं। नवरात्र के नौ दिनों में गरबा नृत्य के माध्यम से श्रद्धालु अपनी ऊर्जा और भक्ति को मां के चरणों में अर्पित करते हैं। नवरात्र में गरबा नृत्य का धार्मिक महत्व, सांस्कृतिक धरोहर और इसके पीछे छिपी कई पौराणिक मान्यताएं हैं। संस्कृत शब्द गर्भ से गरबा बना है, जिसका अर्थ गर्भाशय या सृजन होता है। गोल घेरा हिंदू धर्म में जन्म, जीवन, मृत्यु और पुनः जन्म के अनंत चक्र का प्रतीक माना जाता है। गरबा के केंद्र में एक छेद वाला मिट्टी का घड़ा, जिसे गरबो कहते हैं, रखा जाता है, जिसके अंदर जलता हुआ दीपक गर्भ दीप होता है।

यह दीपक जीवन की ऊर्जा और मां दुर्गा की शक्ति का प्रतीक माना जाता है, जिसके चारों ओर घूमकर लोग नृत्य करते हैं और देवी मां के प्रति अपनी श्रद्धा और आराधना को दर्शाते हैं। गरबा करने के दौरान व्यक्ति किसी भी समूह में जुड़ सकता है या बाहर आ सकता है। यह समाज में भेदभाव की भावना को दूर कर भाईचारा, एकता और सामूहिक ऊर्जा को बढ़ावा देता है। गोल-गोल घूमने से शरीर में एक लय और सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। पारंपरिक रूप से इसे बिना जूतों-चप्पलों के नंगे पैर किया जाता है, जिससे शरीर धरती की ऊर्जा से सीधे जुड़ता है। गरबा केवल एक नृत्य नहीं, बल्कि मां शक्ति की आराधना और भक्ति का रूप है। इसलिए इसे मंदिर या पूजा स्थल की तरह पवित्र मानकर नंगे पैर किया जाता है। सनातन परंपरा में जूते-चप्पल को सांसारिकता और अहंकार का प्रतीक माना जाता है। इन्हें उतारकर नृत्य करना समर्पण और विनम्रता को दर्शाता है। गरबा करने के दौरान तीन तालियां बजाई जाती हैं, जो ब्रह्मा यानी इच्छा शक्ति, विष्णु यानी कार्य शक्ति और शिव यानी ज्ञान शक्ति के तीनों स्वरूपों और मां अंबा की जागृति का प्रतीक मानी जाती है। नवरात्र में गरबा के साथ डांडिया भी खेला जाता है, जिसमें इस्तेमाल होने वाली छड़ियां डंडे मां दुर्गा की तलवार का प्रतीक हैं जो बुराई पर अच्छाई की जीत को दर्शाती हैं। यह नृत्य मूल रूप से गुजरात से संबंधित है, जिसे अब पूरे भारत और दुनियाभर में उत्साह के साथ किया जाता है। दिसंबर 2023 में यूनेस्को ने भी गरबा को अमूर्त सांस्कृतिक विरासत की सूची में शामिल किया है।



रावण की भी होती है पूजा

भारत में दशहरा यानी विजयदशमी को बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक माना जाता है। इस दिन भगवान राम की विजय की स्मृति में देश के अनेक हिस्सों में रावण, कुंभकर्ण और मेघनाद के पुतलों का दहन किया जाता है। हालांकि, भारत की सांस्कृतिक विविधता ऐसी भी परंपराओं को संजोए हुए है, जहां दशहरे पर रावण का पुतला जलाने के बजाय उसकी पूजा की जाती है। इन स्थानों पर रावण से जुड़ी स्थानीय मान्यताएं, पारिवारिक संबंधों की कथाएं और धार्मिक परंपराएं प्रचलित हैं। उत्तर प्रदेश से लेकर राजस्थान और महाराष्ट्र तक ऐसे कई स्थान हैं, जहां रावण को अलग दृष्टिकोण से देखा जाता है। उत्तर प्रदेश के ग्रेटर नोएडा क्षेत्र में स्थित बिसरख गांव रावण से जुड़ी मान्यताओं के लिए जाना जाता है। स्थानीय परंपरा के अनुसार, इसे रावण का ननिहाल माना जाता है। यहां रावण से संबंधित मंदिर और धार्मिक मान्यताएं प्रचलित हैं। गांव के कुछ लोग रावण को विद्वान और भगवान शिव का भक्त मानते हैं। इसी आस्था के कारण यहां दशहरे पर रावण के पुतले का दहन करने की परंपरा अन्य स्थानों से अलग मानी जाती है। बिसरख की पहचान देश के उन चुनिंदा स्थानों में होती है, जहां रावण से जुड़ी धार्मिक मान्यताओं को विशेष महत्व दिया जाता है। मध्य प्रदेश का मंदसौर रावण का ससुराल मानी जाती है। यह नगरी रावण से जुड़ी एक अलग मान्यता के कारण प्रसिद्ध है। एक लोक कथा के अनुसार मंदोदरी का संबंध इसी क्षेत्र से था। इसी वजह से मंदसौर को रावण का ससुराल भी कहा जाता है। यहां रावण की पूजा करने वाले लोग उसे केवल रामायण के युद्ध में पराजित हुए राजा के रूप में नहीं देखते, बल्कि मंदोदरी से उसके संबंध के कारण भी सम्मान देते हैं। स्थानीय परंपराओं में रावण के प्रति श्रद्धा का भाव दिखाई देता है। हालांकि, इस मान्यता से जुड़ी कथाओं को स्थानीय लोग लोक विश्वास के रूप में देखते हैं। मध्य प्रदेश के रावन ग्राम में भी रावण से जुड़ी धार्मिक मान्यताएं प्रचलित हैं। यहां दशहरे के अवसर पर रावण की पूजा किए जाने की परंपरा का उल्लेख मिलता है। स्थानीय लोगों की आस्था में रावण का विशेष स्थान है और उसके पुतले के दहन के बजाय पूजा को महत्व दिया जाता है। यह परंपरा दर्शाती है कि भारत के अलग-अलग क्षेत्रों में रामायण से जुड़े पात्रों को लेकर अलग-अलग लोकविश्वास विकसित हुए हैं। इन परंपराओं को समझने के लिए स्थानीय संस्कृति और मान्यताओं को जानना जरूरी है। राजस्थान के जोधपुर में भी रावण से जुड़ी धार्मिक परंपराएं देखने को मिलती हैं। यहां कुछ समुदाय स्वयं को रावण का वंशज मानते हैं और उसे अपना पूर्वज मानकर सम्मान देते हैं। इसी कारण इन समुदायों के बीच दशहरे पर रावण की पूजा करने की परंपरा प्रचलित है। जोधपुर में रावण से जुड़ी मान्यताएं राजस्थान की सांस्कृतिक विविधता का एक उदाहरण हैं। यहां यह परंपरा इस बात को भी सामने लाती है कि किसी धार्मिक या पौराणिक पात्र को लेकर अलग-अलग समुदायों की धारणाएं एक जैसी नहीं होतीं। आंध्र प्रदेश के काकिनाड में रावण से जुड़ा मंदिर प्रसिद्ध है। रावण को रामायण में भगवान शिव का परम भक्त बताया गया है और इसी रूप को यहां की कुछ धार्मिक मान्यताओं में विशेष महत्व दिया जाता है। यहां रावण के साथ भगवान शिव की पूजा किए जाने का उल्लेख मिलता है। रावण की शिवभक्ति, उसकी विद्वत्ता और धार्मिक साधना से जुड़ी कथाएं इस परंपरा का आधार मानी जाती हैं। यह स्थान उन धार्मिक परंपराओं में शामिल है, जहां दशहरे के अवसर पर रावण के पुतले के दहन के बजाय उससे जुड़ी आस्था को महत्व दिया जाता है। हिमाचल प्रदेश के कांगड़ा क्षेत्र में भी रावण की पूजा से संबंधित लोकमान्यताओं का उल्लेख मिलता है। प्रचलित कथा के अनुसार, रावण ने भगवान शिव को प्रसन्न करने के लिए कठोर तपस्या की थी। इसी मान्यता के कारण कुछ स्थानीय लोगों के बीच रावण के प्रति श्रद्धा का भाव है। कहा जाता है कि यहां कुछ लोग रावण का पुतला जलाने से बचते हैं और उसकी पूजा को प्राथमिकता देते हैं। हालांकि, इस परंपरा का स्वरूप अलग-अलग स्थानों और समुदायों में भिन्न हो सकता है। इसलिए इसे पूरे कांगड़ा जिले की एक समान परंपरा नहीं माना जाना चाहिए। महाराष्ट्र के गढ़चिरौली क्षेत्र में कुछ आदिवासी समुदायों के बीच रावण और उसके पुत्र से जुड़ी अलग धार्मिक मान्यताओं का उल्लेख मिलता है। इन समुदायों की परंपराओं में रावण को सम्मान देने और उसकी पूजा करने का भाव दिखाई देता है। इसी वजह से कुछ स्थानों पर दशहरे के दौरान रावण के पुतले का दहन करने के बजाय पूजा की जाती है। यह परंपरा भारत के आदिवासी समाजों की सांस्कृतिक विविधता और उनकी अपनी धार्मिक मान्यताओं को सामने लाती है। हालांकि, सभी आदिवासी समुदायों की मान्यताएं एक जैसी नहीं हैं। दशहरा देश के अलग-अलग हिस्सों में अलग-अलग रीति-रिवाजों के साथ मनाया जाता है। अधिकांश स्थानों पर रावण दहन बुराई पर अच्छाई की विजय का प्रतीक है, जबकि कुछ क्षेत्रों में रावण से जुड़ी स्थानीय कथाओं, उसकी विद्वत्ता, शिवभक्ति या पारिवारिक संबंधों के कारण उसे सम्मान दिया जाता है।

बिसरख, मंदसौर, जोधपुर और अन्य स्थानों की ये परंपराएं बताती हैं कि भारत की धार्मिक और सांस्कृतिक विरासत कितनी विविध है। इन मान्यताओं को समझते समय स्थानीय इतिहास, लोककथाओं और समुदायों की आस्था के बीच अंतर को ध्यान में रखना भी जरूरी है।

सीजेपी नेताओं की जमानत के बीच मजिस्ट्रेट को धमकी



संचार जगत

नई दिल्ली । दिल्ली पुलिस ने सौरभ दास और आशुतोष रांका की जमानत सुनवाई के दौरान मजिस्ट्रेट को मिली धमकी के मामले में अज्ञात लोगों पर एनसीआर दर्ज की है। वहीं, सीजेपी ने आरोप लगाया है कि प्रशासन जानबूझकर प्रक्रिया में देरी करके उनके नेताओं की रिहाई रोक रहा है। सीजेपी की लीगल हेड रत्ना सिंह ने पुलिस पर जमानत प्रक्रिया में जानबूझकर देरी करने का आरोप लगाया। उसके नेताओं से जुड़ी चार जमानतों को अस्पष्ट आधारों पर खारिज कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि मजिस्ट्रेट ने धमकी का हवाला दिया, जबकि कुछ जमानतें बिना वजह खारिज कर दी गईं। वहीं पुलिस ने सीजेपी के आरोपों को खारिज कर दिया है।

मेटा को रिकमेंडेशन सिस्टम की समीक्षा के निर्देश



संचार जगत

नई दिल्ली । इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने प्रौद्योगिकी क्षेत्र की दिग्गज कंपनी मेटा को फेसबुक और इंस्टाग्राम पर कंटेंट रिकमेंडेशन और रैंकिंग सिस्टम की समीक्षा करने के निर्देश दिए हैं। भारत में सोशल मीडिया एल्गोरिद्म किस तरह जानकारी को बढ़ावा देते हैं, इसे लेकर सरकार ने अपनी निगरानी और सख्त कर दी है। मंत्रालय द्वारा जारी एडवाइजरी में मेटा से कहा गया है कि उसकी रिकमेंडेशन प्रणाली ऐसी न हो, जिससे उपयोगकर्ताओं के सामने केवल एक या सीमित प्रकार की विचारधाराएं या कथानक बार-बार प्रस्तुत हों। इसके बजाय लोगों को विविध, प्रासंगिक और विश्वसनीय जानकारी तक अधिक पहुंच सुनिश्चित की जानी चाहिए। मंत्रालय ने मेटा को ऐसे कंटेंट की पहचान, समीक्षा और त्वरित निगरानी के लिए तंत्र मजबूत करने का भी निर्देश दिया है, जो रिकमेंडेशन सिस्टम के जरिए तेजी से बड़े पैमाने पर लोगों तक पहुंच रहा हो और जिससे सार्वजनिक भ्रम, हिंसा या कानून-व्यवस्था प्रभावित होने की आशंका हो। इसके अलावा, अमेरिकी कंपनी को इन उपायों को तत्काल लागू करने और उठाए गए कदमों की जानकारी सरकार को देने के लिए भी कहा गया है। मेटा ने हाल ही में बच्चों के यौन शोषण से जुड़ी सामग्री को लेकर उठी चिंताओं के बाद कंटेंट और विज्ञापन संबंधी सुरक्षा उपायों को भी और मजबूत किया है।

चर्च में प्रेयर के दौरान पादरी पर क्रॉस गिरा, मौत

संचार जगत

ग्वायाकिल। दक्षिण अमेरिकी देश इक्वाडोर में शनिवार की प्रेयर के दौरान पादरी के ऊपर लकड़ी से बना क्रॉस गिर गया। इससे पादरी के सिर पर चोट लगी और उनकी मौत हो गई। प्रेयर का ऑनलाइन प्रसारण किया जा रहा था। पूरी घटना कैमरे में रिकॉर्ड हो गई। घटना इक्वाडोर के तटीय बंदरगाह शहर ग्वायाकिल में 17 अक्टूबर को पेरपेतुओ सोकोरो चर्च में हुई। यहां आवर लेडी ऑफ परपेचुअल हेल्प चर्च में फादर पैट्रिसियो अल्फ्रेडो सांचेज मोलीनारी प्रवचन दे रहे थे। मास को सोशल मीडिया पर लाइव दिखाया जा रहा था। इसका वीडियो देखने पर पता चलता है कि करीब 27 मिनट बाद चर्च की दीवार पर लगा क्रॉस और ईसा मसीह की मूर्ति फादर पैट्रिसियो के ठीक उपर गिर जाती है। घटना के बाद चर्च में मौजूद लोग पादरी की मदद के लिए पहुंचे। चर्च ने बताया कि इमरजेंसी मेडिकल स्टाफ भी उन्हें बचा नहीं सका।

सीएम योगी ने महानवमी पर किया कन्या पूजन

कहा-नारी गरिमा से खिलवाड़ स्वीकार नहीं

संचार जगत



गोरखपुर। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने महानवमी पर गोरखनाथ मंदिर में कन्या पूजन किया। उन्होंने मंदिर की परंपरा के अनुसार कुंवारी कन्याओं के पैर पखारे, तिलक लगाया, माला पहनाई और चुनरी ओढ़ाकर पूजन किया। बटुकों का भी पूजन किया। मुख्यमंत्री ने अपने हाथों से कन्याओं को भोजन परोसा। पूजन के उपरांत कन्याओं को दक्षिणा और उपहार भेंट किए गए। इस अवसर पर साधु-संत और अन्य लोग उपस्थित रहे। इस मौके पर उन्होंने कहा कि जो समाज जगत जननी मां भगवती का उपासक है, वहां नारी गरिमा के विपरीत आचरण की कोई जगह नहीं हो सकती। सनातन परंपरा ने सदैव मातृशक्ति की सुरक्षा, सम्मान और गरिमा को सर्वोच्च स्थान दिया है। नवरात्रि में कन्याओं का पूजन इसी भाव का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि सरकार ने इस परंपरा को केवल धार्मिक अनुष्ठानों तक सीमित नहीं रखा, बल्कि नारी सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन को शासन-प्रशासन की कार्यप्रणाली का हिस्सा बनाया है। मिशन शक्ति अभियान इसी संकल्प से प्रेरित है। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि जगत जननी मां भगवती का नवम स्वरूप सभी सिद्धियां प्रदान करने वाला है। महानवमी पर कन्या पूजन के माध्यम से सनातन धर्मावलंबी मातृशक्ति के प्रति अपनी श्रद्धा व्यक्त करते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि गोरखनाथ मंदिर की इस पावन परंपरा से जुड़कर कन्याओं का पूजन और उन्हें भोजन कराने का अवसर मिलना उनका सौभाग्य है। उन्होंने कहा कि नारी सुरक्षा सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में है। प्रदेश के प्रत्येक थाने में महिला हेल्प डेस्क स्थापित की गई है। महिलाओं की समस्याओं के समाधान के लिए अलग कक्ष की व्यवस्था है, जहां महिला बीट पुलिस अधिकारी अथवा उपनिरीक्षक स्तर की महिला अधिकारी उनकी समस्याएं सुनती हैं। महिलाओं की सहायता के लिए 1090 वीमेन हेल्पलाइन भी संचालित है। मुख्यमंत्री योगी ने प्रदेशवासियों को महानवमी की बधाई देते हुए मां भगवती से सभी के सुख और समृद्धि की कामना की। विजयादशमी की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि पर्व केवल उत्सव मनाने का अवसर नहीं, बल्कि समाज को नशे, भ्रष्टाचार, अराजकता और विभाजनकारी प्रवृत्तियों से मुक्त करने का संकल्प लेने का भी अवसर है।

रिजिजू ने लंदन प्रदर्शन पर कांग्रेस को घेरा



संचार जगत

नई दिल्ली । केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने लंदन में हुए एक विरोध प्रदर्शन को लेकर कांग्रेस की आलोचना की। उन्होंने आरोप लगाया कि लंदन में विरोध प्रदर्शन के दौरान पाकिस्तान और पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर के झंडों के साथ कांग्रेस पार्टी के झंडे भी लगाए गए थे। रिजिजू ने कहा कि भारत-विरोधी ताकतें कभी भी भारत को तोड़ नहीं सकतीं। रिजिजू ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक वीडियो शेयर किया। इसमें पार्लियामेंट स्क्वायर के पास लोग तिरंगे झंडे को लेकर जुटे थे, लेकिन वहां कुछ लोगों के हाथों पाकिस्तान और पीओके के झंडे भी थे। रिजिजू की ओर से शेयर वीडियो के आखिरी में एक जगह कांग्रेस के झंडे भी दिखाई दिए। इस पर किरेन रिजिजू ने पोस्ट में लिखा कि लंदन में पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर और पाकिस्तान के झंडे के साथ कांग्रेस पार्टी का झंडा। ये लोग सोचते हैं कि लंदन में भारत-विरोधी ताकतों का यह जमावड़ा देशभक्त भारतीयों को डरा देगा। भारत कभी नहीं झुकेगा और भारत को भारत-विरोधी ताकतें कभी नहीं तोड़ सकतीं।

पोलैंड के प्रधानमंत्री डोनाल्ड टस्क कल भारत आएंगे

संचार जगत



नई दिल्ली । प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निमंत्रण पर पोलैंड के प्रधानमंत्री डोनाल्ड टस्क 21 से 23 अक्टूबर तक भारत की आधिकारिक यात्रा पर रहेंगे। बतौर प्रधानमंत्री ये टस्क की दूसरी भारत यात्रा होगी। इससे पहले वे 2010 में अपने पिछले कार्यकाल के दौरान भारत आए थे। टस्क 22 अक्टूबर को प्रधानमंत्री मोदी के साथ द्विपक्षीय वार्ता करेंगे। इस दौरान दोनों नेता द्विपक्षीय संबंधों के सभी पहलुओं की समीक्षा करेंगे। अगस्त 2024 में प्रधानमंत्री मोदी की पोलैंड यात्रा के दौरान इन संबंधों को रणनीतिक साझेदारी के स्तर तक बढ़ाया गया था। दोनों नेता आपसी हित के क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर भी चर्चा करेंगे। भारत यात्रा के दौरान, टस्क के साथ पोलैंड के वित्त और अर्थव्यवस्था मंत्री आंद्रेज डोमांस्की और एक बड़ा व्यापार प्रतिनिधिमंडल भी आएगा। दिल्ली के बाद टस्क बेंगलुरु जाएंगे। वहां वे सूचना प्रौद्योगिकी और अंतरिक्ष क्षेत्रों सहित विभिन्न व्यावसायिक हितधारकों के साथ बातचीत करेंगे। 22 अक्टूबर को नई दिल्ली में और 23 अक्टूबर को बेंगलुरु में भारत-पोलैंड बिजनेस फोरम का आयोजन किया जाएगा।

महिला सांसद हेलेन पर जानलेवा हमला, कार से कुचला

संचार जगत



मेलबर्न। ऑस्ट्रेलिया के विक्टोरिया राज्य से एक सनसनीखेज मामला सामने आया है, जहाँ इंडी संसदीय क्षेत्र से निर्दलीय सांसद हेलेन हेन्स को सोमवार को उनके दफ्तर के बाहर कार से कुचल दिया गया। गंभीर रूप से घायल सांसद को तुरंत एयरलिफ्ट कर अस्पताल पहुंचाया गया है, जहां उनकी हालत नाजुक बनी हुई है। कार्यालय के बाहर हुआ हादसाः घटना वांगाराटा शहर की है। सांसद हेलेन हेन्स अपने संसदीय कार्यालय के बाहर मौजूद थीं, तभी एक टोयोटा लैंड क्रूजर ने उन्हें टक्कर मार दी। पुलिस ने 43 वर्षीय आरोपी ड्राइवर को हिरासत में ले लिया है। तलाशी के दौरान उसकी कार से एक चाकू भी बरामद हुआ है। पुलिस को अंदेशा है कि सांसद को जानबूझकर निशाना बनाया गया है। मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए आतंकवाद निरोधक टीम को भी जांच में शामिल किया गया है। ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज ने कहा कि हमले की सटीक वजह की जांच की जा रही है और दोषियों पर सख्त कार्रवाई होगी।

आजमाया तो पहले से भी कड़ा प्रहार करेंगे: नेतन्याहू



संचार जगत

तेल अवीव। इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने एक बार फिर अपने दुश्मनों को सचेत किया। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि इजरायल जरूरत पड़ने पर हमला करने के लिए पूरी तरह तैयार है। नेतन्याहू ने वायुसेना के एक अज्ञात अड्डे का दौरा करने के बाद कहा कि हमें मत आजमाओ। तुम्हें अब तक झेले गए हमलों से भी अधिक कड़े प्रहार सहने पड़ेंगे। यह बयान एक कड़े मुकाबले वाले चुनाव से ठीक पहले आया है। इजरायल में 27 अक्टूबर को संसदीय चुनाव के लिए वोटिंग होनी है।

आशुतोष-सौरव की न्यायिक हिरासत बढ़ी

संचार जगत

नई दिल्ली। दिल्ली में कॉकरोच जनता पार्टी के नेताओं आशुतोष रांका और सौरव दास की न्यायिक हिरासत दो दिन बढ़ा दी गई है। सोमवार को दोनो के मंदिर मार्ग पुलिस स्टेशन में विशेष कार्यकारी मजिस्ट्रेट के सामने पेश किया गया था। पुलिस ने दोनों नेताओं की न्यायिक हिरासत बढ़ाने की मांग की, जिसे मजिस्ट्रेट ने मंजूर कर लिया। अब उन्हें बुधवार को फिर से पेश किया जाएगा। दोनों 14 अक्टूबर से तिहाड़ जेल में बंद हैं। आरोप है कि उन्होंने जंतर-मंतर पर प्रदर्शन करने के लिए प्रतिबंधों का उल्लंघन किया था।

निर्दलीय प्रत्याशियों ने भाजपा के समर्थन में नाम वापस लिया

संचार जगत



कोटा। रामगंज मंडी विधानसभा क्षेत्र की खैराबाद पंचायत समिति तथा चेचट पंचायत समिति के लिए द्वितीय चरण में होने वाले मतदान के लिए प्रत्याशियों की नाम वापसी के दिन कुल 13 निर्दलीय प्रत्याशियों ने भारतीय जनता पार्टी के अधिकृत प्रत्याशियों के समर्थन में अपना नामांकन पत्र वापस ले लिया। उन्होंने भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशियों को जीतने की अपील की है। चेचट पंचायत समिति के वार्ड नंबर 1 से निर्दलीय प्रत्याशी रामकुमार शर्मा तथा हिम्मत सिंह, वार्ड 5 से ज्योति गोयल और शिल्पा कंवर और वार्ड 8 से महेश शर्मा ने भाजपा के प्रत्याशियों के समर्थन में अपना नाम वापस ले लिया। खैराबाद पंचायत समिति में वार्ड 3 से साजिद, वार्ड 4 रमन राज, राजेश्वर अहीर, वार्ड 5 किरण कुमारी और सुनीता, वार्ड 7 मुकेश, वार्ड 11 सुरेश तथा वार्ड 16 से श्याम मनोहर ने भाजपा के सिंबल पर चुनाव लड़ रहे अधिकृत उम्मीदवारों के पक्ष में अपना नाम वापस ले लिया।

4 लोगों की हत्या से गुस्साए लोगों ने किया प्रदर्शन

संचार जगत



इम्फाल। मणिपुर में हिंसक घटनाओं का दौर थमने का नाम नहीं ले रहा है। राज्य में पिछले 24 घंटों के भीतर हुई अलग-अलग हिंसक झड़पों में 4 लोगों की मौत हो गई है। इस घटना से आक्रोशित स्थानीय लोग पीड़ितों के शवों को लेकर सीधे मुख्यमंत्री आवास के बाहर पहुंच गए और मुख्य गेट के सामने शव रखकर जोरदार प्रदर्शन किया। भीड़ को नियंत्रित करने के लिए पुलिस को बल प्रयोग करना पड़ा और आंसू गैस के गोले छोड़ने पड़े। सोमवार सुबह इम्फाल ईस्ट और कांगपोकपी जिलों की सीमा के पास कुछ ग्रामीण लकड़ी इकट्ठा करने गए थे। इसी दौरान संदिग्ध उग्रवादियों ने उन पर घात लगाकर ताबड़तोड़ गोलीबारी कर दी। इस हमले में 3 लोगों की मौत हो गई, जबकि कुछ अन्य घायल व लापता बताए जा रहे हैं। इससे पहले रविवार रात थौबल जिले में दो समुदायों के बीच हुई हिंसक झड़प और गोलीबारी में एक अन्य व्यक्ति की मौत हो गई थी। इस दौरान कई वाहनों और घरों में आग भी लगा दी गई।

पाकिस्तान जा रहे; डिफेंस डील की तैयारी?

भारत को फिर टेंशन देने लगे मालदीव के मुइज्जु

संचार जगत



माले। मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू 20 से 22 अक्टूबर तक तीन दिवसीय दौरे पर पाकिस्तान जाएंगे। खास बात यह है कि यह पिछले एक दशक में किसी मालदीवियन राष्ट्रपति की यह पहली पाकिस्तान यात्रा है। पाकिस्तानी प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने खुद मुइज्जु को पाकिस्तान आने का न्योता भेजा था। मुइज्जू पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के साथ द्विपक्षीय वार्ता करेंगे। वे पाकिस्तान के राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी से भी मुलाकात करेंगे। यह बैठक दोनों देशों के बीच राजनयिक संबंधों के 60 साल पूरे होने के अवसर पर आयोजित की जा रही है। भारत से हर कदम पर मिले मदद के बाद हाल ही में पीएम मोदी को थैंक्यू कहने वाले राष्ट्रपति मुइज्जू अब अपनी मालदीव फर्स्ट नीति लेकर आए हैं। मुइज्जु ने कहा है कि अपनी इस नीति के तहत वे राष्ट्रीय विकास को गति देने के लिए क्षेत्रीय साझेदारियों को प्राथमिकता दे रहे हैं। मालदीव और पाकिस्तान के बीच शिक्षा, व्यापार और निवेश जैसे कई क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर चर्चा होगी। इसके साथ ही क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर भी बातचीत होगी। कई समझौते पर भी सहमति बन सकती है। मुइज्जू लंबे समय से ठप पड़े सार्क को फिर से सक्रिय बनाने की वकालत कर रहे हैं। इससे पहले भारत और पाकिस्तान के बीच जारी तनाव के कारण सार्क की गतिविधियां रुकी हुई हैं।

बलूचिस्तान में पाकिस्तानी सेना की कार्रवाई

मेजर सहित पांच की मौत

संचार जगत



बलूचिस्तान। बलूचिस्तान में चलाए गए अभियान के दौरान पाकिस्तानी सेना के एक मेजर की मौत हो गई। खुफिया जानकारी के आधार पर चलाए गए इस अभियान में चार लड़ाके भी मारे गए। इस दौरान बड़ी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद भी बरामद किया गया। बताया जा रहा है कि सुरक्षा बलों ने ग्वादर जिले के शादी कौर और पसनी इलाकों तथा कलात जिले के जट्टकाबाद क्षेत्र में कार्रवाई की। इन इलाकों में कई लड़ाकों के संगठनों के ठिकानों की मौजूदगी की सूचना मिली थी। पहला अभियान 18 अक्टूबर को जट्टकाबाद क्षेत्र में चलाया गया। इस ऑपरेशन के दौरान सुरक्षा बलों ने संगठन के चार लड़ाकों को मार गिराया। दूसरी घटना में सुरक्षा बलों ने ग्वादर के शादी कौर और पसनी क्षेत्रों में तलाशी और सफाई अभियान चलाया।

आंशिक कर्फ्यू और आपातकाल की तैयारी

हिंसक प्रदर्शनों के बाद सरकार सख्त

संचार जगत



पेरिस। फ्रांस में महंगाई, बेरोजगारी और सरकारी व्यवस्था के खिलाफ चल रहा प्रदर्शन शनिवार को हिंसक झड़पों में बदल गया। देश के कई शहरों में आगजनी, तोड़फोड़ और अंधाधुंध लूटपाट के बाद फ्रांसीसी सरकार ने सख्त रुख अपना लिया है।मुख्य बिंदुःराष्ट्रपति मैक्रों की दो टूक चेतावनीः राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने देश को संबोधित करते हुए कहा कि हिंसा और लूटपाट फैलाने वाले उपद्रवियों को बख्शा नहीं जाएगा, उन्हें अपने कृत्यों की भारी कीमत चुकानी होगी। उन्होंने इसे देश के लिए 'शर्मनाक' करार दिया। प्रधानमंत्री सेबेस्टियन लेकोर्नू ने आपातकालीन बैठक के बाद सोमवार शाम से देश के प्रभावित इलाकों में आंशिक और स्थानीय कर्फ्यू लगाने के निर्देश दिए हैं। सरकार ने साफ किया है कि हालात बिगड़ने पर देश में आपातकाल भी लागू किया जा सकता है। लिमोज शहर में प्रदर्शनकारियों ने उग्र रूप लेते हुए 19वीं सदी के ऐतिहासिक टाउन हॉल को आग के हवाले कर दिया, जिससे उसकी छत और बड़ा हिस्सा ढह गया। इसके अलावा पेरिस, मार्सेली और लियोन समेत कई शहरों में सरकारी संपत्तियों को भारी नुकसान पहुंचाया गया। प्रदर्शन के दौरान करीब 1,500 दुकानों और व्यावसायिक प्रतिष्ठानों को निशाना बनाया गया।

अर्जुन राम मेघवाल ने किया कन्या पूजन

कहा- नवरात्र में देशभर में भक्ति का भाव



संचार जगत

बीकानेर। शारदीय नवरात्र के अवसर पर केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने अपने बीकानेर स्थित आवास पर कन्या पूजन किया। नवमी के दिन आयोजित इस पूजन में उन्होंने नौ कन्याओं का विधि-विधान से पूजन कर आशीर्वाद लिया। इस दौरान उन्होंने कन्या पूजन के दौरान कन्याओं के पैर धोए, उन्हें भोजन कराया और उपहार भेंट किए। उन्होंने कहा कि कन्या पूजन केवल एक धार्मिक अनुष्ठान नहीं है, बल्कि यह नारी शक्ति के सम्मान का प्रतीक है। भारतीय संस्कृति में कन्याओं को देवी का रूप माना जाता है और उनकी पूजा से सुख-समृद्धि की प्राप्ति होती है। बाद में मीडिया से बातचीत में उन्होंने कहा कि नवरात्र के दिनों में पूरे देश में भक्ति और आध्यात्मिक साधना का एक गहरा भाव छा जाता है। आराधना और साधना को लेकर नागरिकों में विशेष उत्साह रहता है।

न्यू मेडिकल कॉलेज अस्पताल में सिजेरियन डिलीवरी के बाद दो प्रसूताओं की मौत

6 दवाओं के इस्तेमाल पर रोक, ड्रग विभाग ने लिए सैंपल



संचार जगत

कोटा। कोटा स्थित न्यू मेडिकल कॉलेज अस्पताल में सिजेरियन डिलीवरी के बाद दो प्रसूताओं की मौत और एक अन्य महिला की हालत बिगड़ने के मामले ने प्रदेश के चिकित्सा महकमे में हड़कंप मचा दिया है। इस घटना के बाद अस्पताल में इस्तेमाल की जा रही दवाओं और इंजेक्शनों की गुणवत्ता को लेकर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। मामले की गंभीरता को देखते हुए औषधि नियंत्रण विभाग ने तत्काल कार्रवाई करते हुए इंजेक्शन सहित 6 संदिग्ध दवाओं के सैंपल लेकर जांच के लिए भेज दिए हैं और संबंधित बैच की सभी दवाओं के उपयोग पर पूरी तरह रोक लगा दी है। अस्पताल प्रशासन ने मामले की प्राथमिक जांच के बाद अपनी रिपोर्ट तैयार की है, जिसमें मौतों के संभावित कारणों को स्पष्ट करने का प्रयास किया गया है।

विस्फोटकों से भरी पिकअप में धमाका, चालक की मौत

संचार जगत

भीलवाड़ा। भीलवाड़ा जिले के अगूंचा गांव में विस्फोटकों से लदी एक पिकअप गाड़ी में हुए भीषण धमाके में चालक की मौके पर ही मौत हो गई। यह विस्फोट गुलाबपुरा थाना क्षेत्र में हुआ। धमाका इतना तेज था कि पिकअप पूरी तरह नष्ट हो गई और पास की एक चारदीवारी मलबे में तब्दील हो गई। विस्फोट की तीव्रता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि वाहन के परखच्चे उड़ गए और उसका मलबा दूर-दूर तक बिखर गया। चालक का शव ढही हुई दीवार के मलबे के नीचे मिला। धमाके की आवाज काफी दूर तक सुनाई दी, जिससे इलाके में दहशत फैल गई। आसपास के लोग अपने घरों से बाहर निकल आए और घटनास्थल पर पहुंचे और घटनास्थल की जांच के लिए फोरेंसिक टीम को बुलाया गया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

एक्सिस बैंक का एटीएम तोड़ने की कोशिश



संचार जगत

भरतपुर। शहर के कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत सर्कुलर रोड स्थित एक्सिस बैंक के एटीएम में सेंधमारी का प्रयास सामने आया है। एक नकाबपोश बदमाश ने एटीएम कक्ष में घुसकर मशीन को तोड़ने और उससे छेड़छाड़ करने की कोशिश की। हालांकि, वारदात के दौरान मशीन से नकदी चोरी हुई है अथवा नहीं, इसकी पुष्टि बैंक के तकनीकी इंजीनियर द्वारा मशीन की जांच किए जाने के बाद ही हो सकेगी। घटना के बाद पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर अज्ञात संदिग्ध की तलाश शुरू कर दी है। सर्कुलर रोड पर स्थित एक्सिस बैंक के एटीएम से छेड़छाड़ की सूचना मिलने पर पुलिस टीम तुरंत मौके पर पहुंची। वह फुटेज के आधार पर बदमाश के हुलिए और उसके आने-जाने के रास्तों को ट्रेस कर पहचान जुटा रही है।

जोधपुर में इस बार भव्य होगा दशहरा महोत्सव

संचार जगत



जोधपुर। असत्य पर सत्य की विजय, अधर्म पर धर्म की जीत और अहंकार के अंत का प्रतीक विजयादशमी पर्व इस बार जोधपुर में भव्य और आकर्षक अंदाज में मनाया जाएगा। नगर निगम की ओर से दशहरा महोत्सव की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। आज रामलीला मैदान में करीब 60 फीट ऊंचे रावण के पुतले का दहन किया जाएगा। रावण के साथ उसके परिजनों के पुतले भी आकर्षण का केंद्र रहेंगे। नाभि में अग्निबाण लगते ही रावण के हाथ में थामी चकरी घूमेगी और मुंह और आंखों से अंगारे बरसेंगे। इसके बाद मनमोहक आतिशबाजी आसमान को रोशन करेगी। महापौर प्रसन्न चंद मेहता ने बताया कि दशहरा पर्व को यादगार बनाने के लिए नगर निगम की ओर से विशेष तैयारियां की गई हैं। रावण के पुतले को पारंपरिक अंदाज में धोती, जोधपुरी अचकन, सिल्क की धोती और जूतियां पहनाई गई हैं। वहीं मेघनाद, कुंभकर्ण, शूर्पणखा और ताड़का के पुतले भी तैयार किए गए हैं। पहले रावण के परिजनों के पुतलों का दहन होगा और इसके बाद गोधूलि बेला में अहंकार के प्रतीक रावण का दहन किया जाएगा। नगर निगम के अधिकारी और पूर्व राजपरिवार के सदस्य मेहरानगढ़ दुर्ग पहुंचकर प्रभु श्रीराम और मां चामुंडा की पूजा-अर्चना करेंगे। इसके बाद निर्धारित मुहूर्त में विधिवत पूजा के साथ राज व्यास श्रीराम की सवारी रवाना करेंगे। रामरथ यात्रा के आगे शहर के अखाड़ा दलों के कार्यकर्ता हैरतअंगेज करतब दिखाते हुए चलेंगे। यात्रा मार्ग में आने वाले मंदिरों में पूजा-अर्चना की जाएगी तथा नगर निगम की ओर से भेंट राशि भी अर्पित की जाएगी। रामलीला मैदान पहुंचने पर अखाड़ा दलों के प्रभारियों का नगर निगम की ओर से सम्मान किया जाएगा। इस दौरान शहर की पारंपरिक संस्कृति, धार्मिक आस्था और शौर्य प्रदर्शन का अनूठा संगम देखने को मिलेगा। शहरवासियों की सुविधा और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए आवश्यक व्यवस्थाएं की गई हैं। मेले में भीड़ प्रबंधन और सुरक्षा के लिए प्रवेश के अलग-अलग द्वार निर्धारित किए गए हैं।

ट्रेनों में आरपीएफ की रहेगी एस्कॉर्टिंग

संचार जगत

अलवर। रेलवे सुरक्षा बल के आईजी ज्योति कुमार सतीजा ने सोमवार को अलवर रेलवे स्टेशन स्थित आरपीएफ थाने का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने रेलवे संपत्ति और यात्रियों की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। निरीक्षण के बाद आयोजित पत्रकार वार्ता में आईजी ने अधिकारियों और जवानों को सुरक्षा व्यवस्था मजबूत बनाने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा- त्योहारों को देखते हुए ट्रेनों में एस्कॉर्टिंग की व्यवस्था की जा रही है। फिलहाल 56 से 60 ट्रेनों में एस्कॉर्टिंग करवाई जा रही है। आईजी ज्योति कुमार सतीजा ने कहा- सुरक्षा सम्मेलन में जवानों और अधिकारियों से बातचीत की गई। इसमें फोर्स से जुड़ी समस्याओं, इस्तेमाल की जा रही तकनीक और कार्यप्रणाली में सुधार के विषयों पर चर्चा हुई। जवानों को अपनी सोच में बदलाव लाने के लिए कहा गया।

दिया कुमारी ने किए श्रीनाथजी के दर्शन



संचार जगत

राजसमंद । प्रदेश की उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने नाथद्वारा स्थित श्रीनाथजी मंदिर पहुंचकर प्रभु श्रीनाथजी की ग्वाल झांकी के दर्शन किए। उन्होंने विधिवत दर्शन कर प्रदेश की सुख-समृद्धि, शांति एवं सर्वांगीण विकास के साथ प्रदेशवासियों की खुशहाली की मंगलकामना की। दर्शन के दौरान दिया कुमारी ने तिलकायत पुत्र गोस्वामी विशाल बावा से दूरभाष पर वार्ता कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। इसके पश्चात मंदिर की परंपरानुसार उनका स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। महाप्रभुजी की बैठक में मंदिर अधिकारी सुधाकर उपाध्याय ने उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी का अभिनंदन किया। इस अवसर पर उन्हें मंदिर परंपरा के अनुरूप रजाई एवं उपरणा ओढ़ाकर सम्मानित किया गया तथा श्रीजी प्रभु का प्रसाद भेंट किया गया।

ज्वारा विसर्जन के साथ शारदीय नवरात्र का समापन

कालका माता मंदिर से निकली शोभायात्रा

संचार जगत



उदयपुर। उदयपुर के गणेश नगर स्थित कालका माता मंदिर में नौ दिवसीय शारदीय नवरात्र अनुष्ठान का समापन श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर मंदिर परिसर से गाजे-बाजे और ढोल-नगाड़ों के साथ भव्य ज्वारा विसर्जन शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर मां कालका का आशीर्वाद प्राप्त किया। शोभायात्रा के पूरे मार्ग में विभिन्न सामाजिक, व्यापारिक और धार्मिक संगठनों और क्षेत्रवासियों ने पलक-पावड़े बिछाकर पुष्प वर्षा की। भजनों की मधुर धुनों और माँ के गगनभेदी जयकारों से समूचा क्षेत्र भक्ति रस में सराबोर हो गया। यह शोभायात्रा गणेश नगर से प्रारंभ होकर आदर्श नगर, भास्कर कॉलोनी और बेकनी पुलिया होते हुए आयड़ स्थित मेवाड़ की प्रसिद्ध गंगा के चौथे पाये गंगू कुंड पहुंची। यहां पंडितों द्वारा मंत्रोच्चार के बीच शुभ मुहूर्त में ज्वारा विसर्जन का धार्मिक अनुष्ठान संपन्न कराया गया।

किराना व्यापारियों की बैठक आयोजित



संचार जगत

बयाना। बयाना के गणेशी मार्केट स्थित मैरिज होम में किराना एवं परचून संघ और रिटेल परचून संघ की बैठक आयोजित हुई। इसमें मुख्य अतिथि विधायक डॉ. ऋतु बनावत और विशिष्ट अतिथि भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष ऋषि बंसल रहे। बैठक में व्यापारियों ने बाजार में खाद्य सुरक्षा विभाग की कार्रवाई के दौरान आ रही समस्याओं पर चर्चा की। व्यापारियों ने मांग की कि मिलावटी और नकली खाद्य सामग्री के खिलाफ कार्रवाई के साथ बड़े निर्माताओं पर भी जांच की जाए। साथ ही व्यापारियों ने एकजुट होकर समस्याओं का सामना करने का संकल्प लिया। विधायक डॉ. ऋतु बनावत ने कहा कि व्यापारियों को हमेशा शुद्ध और गुणवत्तापूर्ण खाद्य सामग्री बेचनी चाहिए।

बंदरों और आवारा पशुओं के आतंक से मुक्त कराने की मांग

संचार जगत

बयाना। बयाना में बंदरों और आवारा पशुओं के बढ़ते आतंक से आ राहत दिलाने के लिए विधायक डॉ. ऋतु बनावत ने नगर पालिका प्रशासन को पत्र लिखा जिसमें उन्होंने आवश्यक कार्रवाई करने की मांग की है। उन्होंने इस समस्या को गंभीर बताते हुए बंदरों और आवारा पशुओं को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने के निर्देश देने का आग्रह किया है। विधायक ने पत्र में बताया कि बयाना में बंदरों और आवारा पशुओं का आतंक लगातार बढ़ रहा है।

भारत और न्यूजीलैंड के बीच एफटीए आज से लागू

संचार जगत



नई दिल्ली। भारत और न्यूजीलैंड के बीच मुक्त व्यापार समझौता आज से लागू हो जाएगा। इससे दोनों देशों के बीच आर्थिक संबंधों को मजबूत करने, नियामकीय सहयोग को तेज करने और निवेश प्रवाह बढ़ाने का मार्ग प्रशस्त होगा। वाणिज्य सचिव राजेश अग्रवाल ने कहा कि एफटीए केवल शुल्कों में कटौती तक सीमित नहीं होते, बल्कि वे व्यापार, निवेश और आपूर्ति श्रृंखला एकीकरण को बढ़ावा देने वाली गहरी और दीर्घकालिक आर्थिक साझेदारियां विकसित करने का माध्यम होते हैं। उन्होंने कहा कि एफटीए का उद्देश्य गहरी आर्थिक साझेदारी तैयार करना है। उन्होंने बताया कि भारत मजबूत और लचीली वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाएं विकसित करने तथा भारतीय कंपनियों के लिए अंतरराष्ट्रीय बाजारों तक पहुंच बढ़ाने की व्यापक रणनीति के तहत कई मुक्त व्यापार समझौतों पर काम कर रहा है। अग्रवाल ने कहा कि भारत-न्यूजीलैंड एफटीए दोनों देशों के आर्थिक संबंधों को नई मजबूती देगा और सरकार आने वाले वर्षों में द्विपक्षीय व्यापार को दोगुना करने का लक्ष्य लेकर चल रही है।

जोधपुर मंडल से 7 स्पेशल ट्रेनें शुरू



जोधपुर (संचार जगत)। त्योहारों पर घर जाने वाले यात्रियों के लिए रेलवे 7 ट्रेनों का संचालन शुरू किया है। जोधपुर मंडल से इन सात ट्रेनों को डेढ़ महीने तक चलाया जाएगा। ये ट्रेने अलग-अलग रूट पर 76 फेरे करेगी। जोधपुर मंडल से गोरखपुर, हरिद्वार, सूबेदारगंज, बांद्रा टर्मिनस, चेन्नई बीच, दानापुर और मऊ जाने वाले यात्रियों को इसका फायदा होगा। मंडल रेल प्रबंधक अनुराग त्रिपाठी ने बताया कि त्योहारों के दौरान बढ़ते यात्री भार को देखते हुए विशेष ट्रेनों का संचालन किया जा रहा है।

क्रॉस वोटिंग करने वालों पर होगी कार्रवाई

चतुर्वेदी ने सभी जगह बोर्ड बनने का किया दावा

संचार जगत



नागौर। नागौर में पंचायत समिति और जिला परिषद चुनाव को लेकर राजनीतिक गतिविधियां तेज हो गई हैं। भाजपा ने नागौर में पंचायत समिति और जिला परिषद चुनाव को लेकर तैयारियां शुरु कर दी हैं। पार्टी कार्यालय में प्रथम चरण के चुनाव के लिए सभी मंडलों के प्रभारियों की बैठक हुई। सह संगठन प्रभारी अरुण चतुर्वेदी और नागौर प्रभारी प्रहलादराय टाक ने मंडल प्रभारियों से अलग-अलग चर्चा कर चुनावी तैयारियों की समीक्षा की। चतुर्वेदी ने सभी जगह भाजपा के बोर्ड बनाने का दावा किया। उन्होंने क्रॉस वोटिंग या पार्टी विरोधी गतिविधियों की जानकारी मिलने पर कार्रवाई की बात भी कही। इसमें सभी मंडलों के प्रभारी शामिल हुए। इस दौरान चुनावी तैयारियों की समीक्षा की गई। साथ ही पंचायत समिति और जिला परिषद में भाजपा के बोर्ड बनाने की रणनीति पर मंथन हुआ। बैठक के बाद सह संगठन प्रभारी अरुण चतुर्वेदी ने दावा किया कि नागौर में भाजपा मजबूत स्थिति में है और इस बार पार्टी सभी जगह अपने बोर्ड बनाएगी। उन्होंने कहा कि संगठन स्तर पर चुनाव की तैयारियां की जा रही हैं और सभी पदाधिकारियों को जिम्मेदारियां सौंपी जा रही हैं। उन्होंने कहा कि यदि क्रॉस वोटिंग या पार्टी विरोधी गतिविधियों की जानकारी सामने आती है, तो संबंधित लोगों के खिलाफ तुरंत कार्रवाई की जाएगी।

शिवभक्तों का जत्था बैद्यनाथ धाम के लिए रवाना

संचार जगत

धोद। धोद से 61 शिवभक्तों का एक जत्था बाबा बैद्यनाथ धाम और बाबा वासुकीनाथ धाम की कांवड़ यात्रा के लिए रवाना हुआ है। अपना परिवार कांवड़ संघ लगातार तीसरे साल इस यात्रा का आयोजन कर रहा है। तय कार्यक्रम के अनुसार, श्रद्धालु 20 अक्टूबर को दशहरे के दिन बिहार के सुल्तानगंज से गंगाजल लेकर कांवड़ यात्रा शुरू करेंगे। इसके बाद वे बाबा बैद्यनाथ धाम में जल चढ़ाएंगे और फिर बाबा वासुकीनाथ धाम पहुंचेंगे। कांवड़ चढ़ाने का कार्यक्रम 25 अक्टूबर को तय है। शिवभक्तों में इस यात्रा को लेकर काफी उत्साह है। वे बाबा भोलेनाथ के दरबार में सुख-समृद्धि और खुशहाली की दुआ करेंगे।

अंतरराष्ट्रीय नशा तस्करी पर हुआ प्रहार

14 किलो हेरोइन जब्त, 6 तस्कर गिरफ्तार



संचार जगत

श्रीगंगानगर। महानिरीक्षक पुलिस बीकानेर रेंज ओम प्रकाश के निर्देशन में ऑपरेशन चक्रव्यूह के तहत बीकानेर रेंज पुलिस ने अंतरराष्ट्रीय नशा तस्करी पर बड़ा प्रहार किया। हनुमानगढ़ के थाना गोलूवाला में 4 तस्करों को गिरफ्तार कर 9 किलो 821 ग्राम हेरोइन चिट्टा, 1.85 लाख रुपये नकद और 2 लग्जरी गाड़ियां जब्त की गईं। श्रीगंगानगर के थाना रावला ने 2 तस्करों को गिरफ्तार कर 4 किलो 132 ग्राम हेरोइन जब्त की। दोनों कार्रवाइयों में जब्त हेरोइन की अंतरराष्ट्रीय बाजार में अनुमानित कीमत करीब 38 करोड़ रुपये है। गिरफ्तार तस्करों में एक थाना रावला और दूसरा बीकानेर के खाजूवाला में वांछित ईनामी है। तलाशी में 19 पैकेटों में 9 किलो 821 ग्राम हेरोइन और 1.85 लाख रुपये नकद बरामद हुए। पुलिस ने मौके पर मौजूद चारों आरोपियों को गिरफ्तार किया।

फैक्ट्री में आग से तीन मजदूर झुलसे



संचार जगत

पाली। पाली के औद्योगिक क्षेत्र चतुर्थ फेज में ग्वार गांव स्थित एक फैक्ट्री में आग लगने से हड़कंप मच गया। आग की चपेट में आने से तीन श्रमिक गंभीर रूप से झुलस गए। उन्हें तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर हालत को देखते हुए जोधपुर रेफर कर दिया गया। वहीं, फैक्ट्री में काम कर रहे दो अन्य श्रमिकों का अब तक कोई पता नहीं चल पाया है।हादसे में दो श्रमिकों के हताहत होने की जानकारी सामने आ रही है। हादसे के समय फैक्ट्री में कुल 17 श्रमिक काम कर रहे थे। आग की भयावहता को देखते हुए पाली के साथ सुमेरपुर, रानी, फालना और सोजत से भी दमकल गाड़ियां मौके पर बुलाई गईं। आग पर काबू पाने के लिए दमकलकर्मियों को काफी मशक्कत करनी पड़ी।

मंडी में लौटी रौनक, सवा लाख कट्टों की हुई आवक

संचार जगत

बारां। बारां कृषि उपज मंडी में दो दिन बंद रहने के बाद सोमवार को रौनक लौटी। सुबह नीलामी शुरू होते ही किसानों-व्यापारियों की चहल-पहल दिखी। शुक्रवार को जिंस का उठाव नहीं होने से शनिवार को मंडी बंद रही, जबकि रविवार को साप्ताहिक अवकाश था। सोमवार को खरीफ सीजन की नई फसल की बंपर आवक से मंडी परिसर खचाखच भर गया। सवा लाख से ज्यादा कट्टे आए। ट्रैक्टर-ट्रॉलियों की लंबी कतारें लगीं। मंडी प्रशासन ने मेलखेड़ी रोड से वाहनों के आने के लिए अलग व्यवस्था की। मंडी प्रशासन ने बताया कि दशहरे के कारण आज मंडी पूरी तरह बंद रहेगी।

हरियाणा के लिए अजीत चहल और अमन कुमार ने 3-3 विकेट झटके

हरियाणा का रणजी में कमाल : दो दिन में चंडीगढ़ को रौंदा, निशांत-यशवर्धन चमके

नई दिल्ली/संचार जगत

रोहतक के चौधरी बंसी लाल क्रिकेट स्टेडियम में खेले गए रणजी ट्रॉफी मुकाबले में मेजबान हरियाणा ने चंडीगढ़ पर पारी और 24 रन से धमाकेदार जीत दर्ज की। गेंदबाजों और बल्लेबाजों के ऑलराउंड प्रदर्शन के दम पर हरियाणा ने यह मैच महज दो दिनों में अपने नाम कर लिया। इस दौरान पिच का ऐसा मिजाज दिखा कि दो दिन में ही कुल 30 विकेट गिर गए।

चंडीगढ़ की पहली पारी और हरियाणा की बढ़त

टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी चंडीगढ़ की पूरी टीम हरियाणा के घातक आक्रमण के आगे मात्र 103 रनों पर ढेर हो गई। हरियाणा के लिए अजीत चहल और अमन कुमार ने 3-3 विकेट झटके। इसके जवाब में हरियाणा ने अपनी पहली पारी में शानदार प्रदर्शन करते हुए 245 रन बनाए और 142 रनों की मजबूत बढ़त हासिल की। सलामी बल्लेबाज यशवर्धन दलाल ने बेहतरीन 95 रन और ऑलराउंडर निशांत सिंधु ने धैर्यपूर्ण 92 रनों की अर्धशतकीय पारियां खेलकर टीम को मजबूत स्थिति में पहुंचाया।



फॉलोऑन और निशांत की फिरकी का जादू

पहली पारी में भारी भरकम अंतर से पिछड़ने के बाद फॉलोऑन खेलने उतरी चंडीगढ़ की दूसरी पारी भी ताश के पत्तों की तरह बिखर गई और पूरी टीम महज 118 रनों पर सिमट गई। चंडीगढ़ की ओर से मनन वोहरा ने सर्वाधिक 47 रन बनाए। रोहतक के स्टार स्पिनर निशांत सिंधु ने अपनी फिरकी का शानदार जादू दिखाते हुए 6 विकेट झटके, जबकि कनिष्क चौहान ने 3 शिकार किए। चौधरी बंसीलाल स्टेडियम की पिच ने गेंदबाजों को जमकर मदद की। पिच के इसी रंग और गेंदबाजों के खूंखार प्रदर्शन के चलते यह रोमांचक मुकाबला सिर्फ दो दिनों में ही समाप्त हो गया और कुल 30 विकेट गिर गए।

सुतार ने खेली 400 रन की नाबाद पारी



सोविमा। मिजोरम के चिन्मय सुतार ने प्रथम श्रेणी क्रिकेट में 400 रन बनाने वाले दूसरे भारतीय बल्लेबाज बनकर इतिहास रच दिया। सुतार ने यह दुर्लभ उपलब्धि नागालैंड के खिलाफ रणजी ट्रॉफी प्लेट ग्रुप मैच के दूसरे दिन हासिल की। इस मुकाम पर पहुंचने वाले पहले भारतीय बल्लेबाज भाऊसाहेब बाबासाहेब निंबालकर थे, जिन्होंने 1948 में महाराष्ट्र की तरफ से खेलते हुए काठियावाड़ के खिलाफ नाबाद 443 रन बनाए थे। मिजोरम की टीम से जुड़ने से पहले मुंबई की तरफ से विजय हजारे ट्रॉफी खेल चुके सुतार 400 रन बनाकर नाबाद रहे। उन्होंने अपनी पारी में 517 गेंद का सामना करके 46 चौके और 7 छक्के लगाए। मिजोरम ने अपनी पहली पारी नौ विकेट 581 रन पर समाप्त घोषित की। जब सुतार 231 रन पर बल्लेबाजी कर रहे थे, तभी आखिरी बल्लेबाज लालरेमपुइया छकछुआक उनके साथ बल्लेबाजी करने के लिए क्रीज पर आए। उस समय मिजोरम का स्कोर 392 था। सुतार ने उनके साथ दसवें विकेट के लिए 189 रन की साझेदारी की। इसमें सुतार का योगदान 169 रन का रहा। लालरेमपुइया 14 रन बनाकर नाबाद रहे।

महिला क्रिकेट

जिम्बाब्वे के खिलाफ तीसरा और अंतिम टी20 मैच आज



नई दिल्ली/संचार जगत

शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों के लय में लौटने के बाद उत्साह से लबरेज भारतीय महिला क्रिकेट टीम जिम्बाब्वे के खिलाफ मंगलवार को होने वाले तीसरे अंतिम टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में अपनी जीत का सिलसिला जारी रखने और 3-0 से क्लीन स्वीप करने का लक्ष्य लेकर मैदान पर उतरेगी।

मंधाना का फॉर्म में लौटना भारत के लिए बड़ा सकारात्मक पहलू है क्योंकि वह फरवरी में होने वाली चैंपियंस ट्रॉफी से पहले लय बनाए रखना चाहेंगी। मंधाना और शेफाली की सलामी जोड़ी एक बार फिर मजबूत शुरुआत देकर जिम्बाब्वे के गेंदबाजी आक्रमण पर दबाव बनाने की कोशिश करेगी।

भारत ने तीसरे नंबर पर जेमिमा रोड्रिग्स के चोटिल हो जाने के कारण अनुष्का शर्मा को मौका दिया लेकिन यह 23 वर्षीय खिलाड़ी पहले मैच में केवल चार रन बना पाई थी जबकि दूसरे मैच में उन्हें खेलने का खास मौका नहीं मिला। अब वह मौका मिलने पर अपनी छाप छोड़ने की पूरी कोशिश करेगी।

पहली जीत की तलाश में जिम्बाब्वे

जिम्बाब्वे ने सितंबर में वेस्टइंडीज के खिलाफ ऐतिहासिक पहली वनडे जीत के बाद इस श्रंखला में प्रवेश किया, लेकिन उसकी टीम अब भी टी20 में 2026 में अपनी पहली जीत की तलाश में हैं। उसे इस साल अपने सभी 20 मैच में हार का सामना करना पड़ा है। जिम्बाब्वे को उम्मीद होगी कि सलामी बल्लेबाज केलिस नधलोवु उसे मजबूत शुरुआत देंगी। गेंदबाजी में उसका दारोमदार ऑफ स्पिनर न्याशा ग्वांजुरा पर रहेगा, जिन्होंने पहले मैच में तीन विकेट लेकर भारतीय शीर्ष क्रम को झकझोर दिया था।

खबर संक्षेप



एलिना स्वितोलिना ने तोड़ा विवाह बंधन

पेरिस। एलिना स्वितोलिना ने साथी टेनिस खिलाड़ी गेल मोनफिल्स के साथ विवाह बंधन खत्म करने की घोषणा की। यूक्रेन की विश्व में छठे नंबर की खिलाड़ी स्वितोलिना ने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट में कहा, 'यह अब तक का सबसे मुश्किल फैसला है, जिसे मुझे साझा करना पड़ रहा है।' स्वितोलिना ने अपने देश में जंग के कारण उनके स्वास्थ्य पर पड़ने वाले भावनात्मक प्रभाव के बारे में बात की। उन्होंने यह भी बताया कि जब उन्होंने ठीक होने के लिए टेनिस से ब्रेक लिया तो मोनफिल्स ने उनकी कैसे मदद की। उन्होंने कहा, लेकिन कुछ जंग आप अपने अंदर खुद ब खुद लड़ते हैं और किसी और के प्यार से उन्हें जीता नहीं जा सकता। समय के साथ मुझे समझ आया कि मुझे खुद अपने लिए रास्ता तैयार करना होगा और ऐसा मैं वैवाहिक जीवन के साथ नहीं कर सकती।' मोनफिल्स और स्वितोलिना की एक बेटी है।

28 को डब्ल्यूपीएल की नीलामी

नई दिल्ली। भारतीय बल्लेबाज कमलिनी, स्नेह राणा, सोफी मोलिन्यू और श्रीलंका की कप्तान चामरी अटापट्टू उन 146 खिलाड़ियों में शामिल हैं, जिन्हें 28 अक्टूबर को कोच्चि में होने वाली महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) की नीलामी सूची में रखा गया है। लीग के 2027 सत्र से पहले उपलब्ध 27 स्थानों के लिए इन खिलाड़ियों पर बोली लगेगी।

बैडमिंटन टूर्नामेंट


आज से फ्रेंच ओपन, सिंधू की वापसी पर नजर



नई दिल्ली/संचार जगत

अनुभवी पीवी सिंधू की अगुवाई में भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी हाल के अपने खराब प्रदर्शन को पीछे छोड़कर मंगलवार से शुरू होने वाले 950,000 अमेरिकी डॉलर इनामी फ्रेंच ओपन सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट में अपनी छाप छोड़ने के लिए बेताब होंगे।

सिंधू महिला एकल के पहले दौर में दक्षिण कोरिया की शीर्ष वरीयता प्राप्त आन से यंग का सामना करेंगी, जबकि पुरुष एकल में छठी वरीयता प्राप्त लक्ष्य सेन पहले मुकाबले में जापान के कोदाई नाराओका से भिड़ेंगे।



श्रीकांत-आयुष शेट्टी में मुकाबला


पुरुष एकल में किदाम्बी श्रीकांत का पहला मुकाबला हमवतन आयुष शेट्टी से होगा। पुरुष युगल में सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी एशियाई खेलों के पहले दौर में बाहर हो गए थे। फ्रेंच ओपन में उनका सामना फ्रांस के दो भाइयों क्रिस्टो पोपोव और टोमा जूनियर पोपोव से होगा।

त्रीसा-गायत्री की भिड़ंत चुन और युन से

महिला युगल में त्रीसा जॉली और गायत्री गोपीचंद की जोड़ी पहले दौर में ताइवान की लिन चिह-चुन और यांग चू युन से भिड़ेगी। महिला एकल में भारत की दो उभरती हुई खिलाड़ी तन्वी शर्मा और इशारानी बरुआ पहले दौर में एक-दूसरे का सामना करेंगी। अश्मिता चालिहा चीन की हान कियान शी के खिलाफ अपना अभियान शुरू करेंगी, जबकि उन्नति हुडा का सामना जापान की रिको गुंजी से होगा। देविका सिहाग पहले दौर में इंडोनेशिया की पांचवीं वरीयता प्राप्त पुत्री कुसुमा वर्दानी का सामना करेगी।

अंडर-23 विश्व कुश्ती चैंपियनशिप तीन खिलाड़ियों ने जीते कांस्य पदक

लास वेगास। रोहित, जसकरण सिंह और चंद्रमोहन ने अंडर-23 विश्व कुश्ती चैंपियनशिप में अपने-अपने भार वर्गों में कांस्य पदक जीते, जिससे भारत ने प्रतियोगिता का समापन छह पदकों के साथ किया। रोहित ने 57 किग्रा रेपेशाज दौर में मोल्दोवा के इयोन बुलगारू को तकनीकी श्रेष्ठता के आधार पर 12-2 से हराया। इसके बाद उन्होंने कांस्य पदक के मुकाबले में आर्मेनिया के आर्मन हारुत्युनयान को 8-3 से शिकस्त दी। रोहित ने इससे पहले जमैका के इरी अलेक्जेंडर जैक्सन को तकनीकी श्रेष्ठता के आधार पर हराकर अपने अभियान की शुरुआत की थी। हालांकि, उन्हें प्री-क्वार्टर फाइनल में तुर्किये के बेकीर केसेर के खिलाफ 6-10 से हार का सामना करना पड़ा। सेमीफाइनल में हारने वाले जसकरण (65 किग्रा) ने बेलारूस के मागोमेदखान मागोमेदखानोव को 8-5 से हराकर भारत की पदक संख्या में इजाफा किया।



हांगकांग सिक्सेस : गुलबदीन नायब की कप्तानी में अफगानिस्तान टीम घोषित



नई दिल्ली/संचार जगत

अफगानिस्तान ने हांगकांग सिक्सेस 2026 के लिए गुलबदीन नायब की कप्तानी में सात सदस्यों की एक अनुभवी टीम का ऐलान किया है। यह टीम 30 अक्टूबर से 1 नवंबर तक टिन क्वॉन्ग रोड रिक्रिएशन ग्राउंड में होने वाले टूर्नामेंट में हिस्सा लेगी। गुलबदीन नायब की वाली टीम में फरमानुल्लाह सफी, इमरान मीर, अब्दुल रहमान, करीम जन्नत, नांगेयालिया खारोटे और सेदिकुल्लाह पाचा को जगह मिली है। अफगानिस्तान को ग्रुप डी में दक्षिण अफ्रीका और ओमान के साथ रखा गया है।

सिक्स-ए-साइड फॉर्मेट में खेले जाने वाले मैचों में, टीमों को बॉल और फील्ड में डिसिप्लिन बनाए रखते हुए स्कोरिंग के मौके बनाने होंगे। हांगकांग सिक्सेस में हर टीम में छह खिलाड़ी और हर इनिंग में छह ओवर होते हैं। छोटा फॉर्मेट लंबे समय तक मजबूती के लिए बहुत कम जगह छोड़ता है, जिससे हर तरह का योगदान खास तौर पर कीमती हो जाता है। अफगानिस्तान के कैंपेन में नायब का इंटरनेशनल लेवल पर अनुभव बहुत काम आएगा।

टीम का मकसद टूर्नामेंट की जरूरतों के हिसाब से तेजी से ढलना और एक मनोरंजक क्रिकेट देना होगा। अफगानिस्तान के हिस्सा लेने का स्वागत करते हुए, क्रिकेट हांगकांग, चीन के कमर्शियल और मार्केटिंग डायरेक्टर अनुराग भटनागर ने कहा कि टीम का तरीका टूर्नामेंट की अपील को और बढ़ाएगा।

प्रीमियर लीग में गोमेज ने दिलाई डेविड बैकहम की याद

एमबाप्पे के दो गोल से रियाल मैड्रिड की शानदार जीत

नई दिल्ली/संचार जगत

काइलियन एमबाप्पे ने दो गोल करके रियाल मैड्रिड को स्पेनिश फुटबॉल लीग ला लिगा में आसान जीत दिलाई जबकि डिएगो गोमेज ने प्रीमियर लीग में 50 मीटर की दूरी से गोल करके डेविड बैकहम की याद ताजा कर दी।

एमबाप्पे ने एक शानदार गोल किया और पेनल्टी किक को गोल में बदला, जिससे रियाल मैड्रिड ने विनीसियस जूनियर के निलंबन के कारण बाहर होने के बावजूद सेविला को 4-1 से हरा दिया। रियाल मैड्रिड इस जीत से एटलेटिको मैड्रिड और शीर्ष स्थान पर मौजूद बार्सिलोना के बाद तीसरे स्थान पर पहुंच गया है।

मैड्रिड ने सेविला को 4-1 से रौंदा ला लिगा में तीसरे स्थान पर पहुंची टीम



गोमेज ने किया बीच मैदान से गोल

इंग्लैंड में प्रीमियर लीग में ब्राइटन की क्रिस्टल पैलेस पर 5-0 की जीत में गोमेज ने मैदान के बीच से शॉट लगाकर गोल किया जबकि आर्सेनल ने नॉटिंघम फॉरेस्ट को हराया। गोमेज ने सातवें मिनट में 50 मीटर की दूरी से शॉट लगाकर गेंद को क्रिस्टल पैलेस के गोलकीपर वाल्टर बेनिटेज के ऊपर से नेट में पहुंचा दिया। पैराग्वे के अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी के इस शॉट ने 1996-97 के प्रीमियर लीग सत्र के पहले दिन बैकहम के मैनचेस्टर यूनाइटेड की तरफ से विंबलडन के खिलाफ किए गए इसी तरह के गोल की यादें ताजा कर दीं।

बुंडेसलिगा ने गंवाया पहला स्थान

बैकहम के इस गोल को प्रीमियर लीग के सर्वश्रेष्ठ गोल में से एक माना जाता है। फ्रीबर्ग ने सत्र की अपनी पहली हार के साथ बुंडेसलिगा में पहला स्थान हासिल करने का मौका गंवा दिया। उसे बायर लेवरकुसेन ने 2-1 से हराया। फ्रांस की लीग में मोनाको को अपनी पहली हार का सामना करना पड़ा। उसकी टीम लोरिएंट से 1-0 से हार गई।

बिना हाथों के तीरंदाजी का जादुई कमाल, शीतल देवी ने की विश्व रिकॉर्ड की बराबरी

नई दिल्ली/संचार जगत

भारतीय तीरंदाज शीतल देवी ने एशियाई पैरा खेलों में महिला कंपाउंड क्वालीफाइंग राउंड में शानदार प्रदर्शन करते हुए विश्व रिकॉर्ड की बराबरी की और फिर तोमन कुमार के साथ मिलकर मिश्रित टीम स्पर्धा में एक नया विश्व रिकॉर्ड बनाया।

भुजाहीन शीतल कंपाउंड धनुष को सही स्थिति में लाने के लिए अपने पैरों और डोरी को खींचने और छोड़ने के लिए अपने कंधे और जबड़े का इस्तेमाल करती है। उन्होंने महिला कंपाउंड रैंकिंग राउंड में 720 में से 704 अंक हासिल करके विश्व रिकॉर्ड की बराबरी की और नया एशियाई रिकॉर्ड बनाया। इसके बाद उन्होंने तोमन के साथ मिलकर कंपाउंड मिश्रित टीम रैंकिंग राउंड में 1402 अंक बनाकर 1400 के पिछले रिकॉर्ड को पार किया। तोमन ने पुरुषों के कंपाउंड क्वालीफाइंग में 698 अंक हासिल किए। पिछला मिश्रित टीम विश्व रिकॉर्ड भी शीतल ने ही बनाया था, हालांकि उस समय उनकी टीम में राकेश कुमार थे।



एशियाई पैरा खेल

निषाद ने लंबी कूद में जीता गोल्ड

निषाद कुमार ने एशियाई पैरा खेलों में पुरुषों की एथलेटिक्स प्रतियोगिता की लंबी कूद टी47 स्पर्धा में शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक जीता। इस 27 वर्षीय खिलाड़ी ने पिछले एशियाई पैरा खेलों में भी ऊंची कूद की टी47 स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता था। उन्होंने मौजूदा खेलों की पैरा एथलेटिक्स प्रतियोगिता के पहले दिन लंबी कूद में अपने तीसरे और पांचवें दोनों प्रयासों में 7.11 मीटर की छलांग लगाई। दिलचस्प बात यह है कि वह पहली बार लंबी कूद में प्रतिस्पर्धा कर रहे थे।



निशानेबाज मोना ने जीता स्वर्ण

मोना अग्रवाल ने फाइनल में शानदार वापसी करते हुए अपनी हमवतन अवनि लेखरा को पछाड़कर महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल (एसएच1) स्पर्धा का स्वर्ण पदक जीत लिया, जिससे भारत ने शीर्ष दो स्थान हासिल कर एशियाई पैरा खेलों की पदक तालिका में खाता खोला। पेरिस पैरालंपिक 2024 की कांस्य पदक विजेता मोना ने छठे स्थान से वापसी करते हुए 250.0 अंक के साथ एशियाई पैरा खेलों का रिकॉर्ड बनाया। उन्होंने दो बार की पैरालंपिक चैंपियन अवनि को महज 0.4 अंक से पछाड़ा। गत चैंपियन के तौर पर उतरीं 24 वर्षीय अवनि को 249.6 अंकों के साथ रजत पदक से संतोष करना पड़ा।

भाला फेंक में रिंकू को स्वर्ण

रिंकू ने सोमवार को यहां एशियाई पैरा खेलों की पुरुषों की भाला फेंक एफ46 स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता जबकि उनके हमवतन अजीत सिंह ने रजत पदक हासिल किया। रिंकू ने 65.11 मीटर भाला फेंककर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। उन्होंने अजीत को महज नौ सेंटीमीटर के अंतर से पीछे छोड़ा। अजीत ने 65.02 मीटर के थ्रो के साथ रजत पदक जीता।





दृष्टिबाधित जूडो में 2 पदक

भारत के दृष्टिबाधित जूडो खिलाड़ियों ने सोमवार को एशियाई पैरा खेलों में दो पदक जीते, जिसमें कोकिला ने महिलाओं के जे2-52 किग्रा वर्ग में रजत पदक जबकि कपिल परमार ने पुरुषों के जे1-70 किग्रा वर्ग में कांस्य पदक अपने नाम किया। कोकिला को फाइनल में किर्गिस्तान की ऐबिके उलानबेक काइजी के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा। कपिल को सेमीफाइनल में इंडोनेशिया के जुनेदी के खिलाफ 0-1 से हार का सामना करना पड़ा था, जिसके बाद उन्होंने कांस्य पदक के मुकाबले में जगह बनाई।

▶ इमेनुअल मेक्रों का सख्त संदेश, जिसने तोड़फोड़ की उसे कीमत चुकानी होगी

फ्रांस में लूटपाट व तोड़फोड़ करने वालों पर एक्शन, 2400 उपद्रवी गिरफ्तार

नई दिल्ली/संचार जगत

फ्रांस में महंगाई, बढ़ते खर्च और स्कूलों की बदहाल स्थिति के खिलाफ शुरू हुए विरोध प्रदर्शनों के हिंसक रूप लेने के बाद सरकार ने सख्त कदम उठाने का फैसला किया है। एजेंसी के अनुसार, कई शहरों में तोड़फोड़ और लूटपाट के बाद प्रधानमंत्री सेबेस्टियन लेकोर्नु ने स्थानीय प्रशासन को जरूरत के मुताबिक सीमित क्षेत्रों में कर्फ्यू लगाने का निर्देश दिया है। उन्होंने इमरजेंसी लागू करने की संभावना से भी इनकार नहीं किया है। उधर, तमाम यूनियनों ने पांच नवंबर को राष्ट्रीय हड़ताल का आह्वान कर दिया है। फ्रांस में पिछले तीन दिन से उपद्रव कर रहे लोगों के खिलाफ एक्शन शुरू हो चुका है। पुलिस ने अब तक 2,400 से ज्यादा लोगों को गिरफ्तार किया है। रविवार को 2000 लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

फ्रांस के राष्ट्रपति इमेनुअल मेक्रों ने सख्त रुख अपनाते हुए कहा कि जिन्होंने भी तोड़फोड़ की है। तबाही मचाई है। उन्हें ही इसका भुगतान करना होगा। मेक्रों ने कहा कि अल्ट्रा लेफ्ट समूहों के प्रदर्शनकारियों और उनके साथ शामिल उपद्रवियों ने फ्रांस के शहरों में लूटपाट और आगजनी की है। पुलिस के मुताबिक पांच लाख से ज्यादा प्रदर्शकारियों ने फ्रांस में 148 जगहों पर प्रदर्शन किया। इस दौरान दुकानों को लूटा गया और सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाया गया लेकिन अब लूटपाट करने वालों को भरपाई करनी होगी। फ्रांस में आगजनी, लूटपाट और तोड़फोड़ करने वालों के खिलाफ एक्शन शुरू हो चुका है। एक-एक उपद्रवी की पहचान की जा रही है। फ्रांस में नियम बना दिया गया है। राष्ट्रपति मेक्रों ने साफ किया है, जिन्होंने तबाही मचाई है। उन्हें इसकी कीमत चुकानी होगी।



एक-एक उपद्रवी की हो रही पहचान

इमारतों, स्टोरों व टाउन हॉल पर किए गए हमले

मेक्रों ने कहा कि आज शाम मैं आपसे एक बेहद गंभीर स्थिति में बात कर रहा हूं। शनिवार को फ्रांस के कई शहरों में चाहे वे मुख्य भूमि पर हों या विदेशों में, जो कुछ हुआ। उसके बाद यह बात और भी अहम हो जाती है कि 17 अक्तूबर को अति-वामपंथी समूहों के प्रदर्शनकारियों और उनके साथ शामिल कई उपद्रवियों ने हमारे शहरों में बेतहाशा हिंसा की। दुकानों को लूटा गया। सार्वजनिक इमारतों, स्टोरों तथा टाउन हॉल पर हमले किए गए। फ्रांस में दंगाइयों ने 143 साल पुरानी ऐतिहासिक इमारत को तबाह कर दिया। 19वीं सदी के सिटी हॉल में आग लगा दी। पेरिस के लिमोगेस में में धू-धू करता सिटी हॉल दो-दो विश्व युद्ध देख चुका है।

विरोध प्रदर्शनों में लगभग पांच लाख 50 हजार ने हिस्सा लिया

सरकारी आंकड़ों के मुताबिक, पूरे फ्रांस में विरोध प्रदर्शनों में लगभग 5 लाख 50 हजार लोगों ने हिस्सा लिया। ये संख्या आठ लाख तक हो सकती है। प्रदर्शनकारियों ने मजदूर संघ, छात्र संगठनों और कार्यकर्ताओं के आह्वान पर हिस्सा लिया। हालात अभी भी ऐसे ही हैं। प्रोटेस्ट के नाम पर इकट्ठा हुए नकाबपोश दंगाई। पुलिस की गाड़ियों को खदेड़कर भगा रहे हैं। बची खुची दुकानों में लूटपाट कर रहे हैं। राजधानी पेरिस ही नहीं, विरोध प्रदर्शनों के नाम पर हिंसा। आगजनी और लूट-पाट की इस आग ने पूरे फ्रांस को अपनी चपेट में ले लिया है।

फ्रांस में हिंसा के बाद भी गृह मंत्री बने रहेंगे लॉरेंट नुनेज

फ्रांस में हुए हिंसक प्रदर्शनों के बाद राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने खुफिया तंत्र और पूर्व तैयारियों में नाकामी स्वीकार की है लेकिन उन्होंने गृह मंत्री लॉरेंट नुनेज का इस्तीफा नामंजूर किया है। राष्ट्रपति कार्यालय ने सोमवार को बयान जारी कर यह जानकारी दी। राष्ट्रपति कार्यालय ने एक बयान में कहा कि गृह मंत्री ने रविवार को राष्ट्रपति को अपना इस्तीफा सौंप दिया था लेकिन कानून व्यवस्था बनाए रखने की निरंतर जरूरत को देखते हुए राष्ट्रपति ने इसे अस्वीकार कर दिया। बयान के मुताबिक, मैक्रों ने नुनेज से कहा है कि वे उन खुफिया और योजनागत कमियों पर पूरी पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाएं, जिनके कारण यह हिंसा हुई। राष्ट्रपति ने उन्हें इस संकट से निपटने के लिए सुरक्षा बलों की नई कार्यप्रणाली लागू करने का भी निर्देश दिया है।

प्रियागोल्ड बिस्कुट का नेपाल में आयात बैन

नई दिल्ली, आरएनएन। भारत में बनने वाले प्रियागोल्ड बिस्कुट को लेकर खाद्य सुरक्षा का मामला सामने आया है। नेपाल ने भारतीय कंपनी सूर्या फूड एंड एग्रो लिमिटेड के प्रियागोल्ड बिस्कुट के आयात, बिक्री और वितरण पर प्रतिबंध लगा दिया है। नेपाल के खाद्य प्रौद्योगिकी एवं गुणवत्ता नियंत्रण विभाग (एफटीक्यूसीडी) ने सोमवार को जारी नोटिस में इन बिस्कुट को घटिया गुणवत्ता वाला बताते हुए संबंधित कारोबारियों और उपभोक्ताओं को इनकी खरीद-बिक्री रोकने का निर्देश दिया है। यह कार्रवाई भारत के खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) की ओर से कंपनी के खिलाफ की गई कार्रवाई के बाद हुई है।

एफएसएसएआई ने कंपनी के निरीक्षण के दौरान खाद्य सुरक्षा और स्वच्छता से जुड़ी गंभीर खामियां पाए जाने की बात कही है। साथ ही, बिस्किट के निर्माण में पशु आहार में इस्तेमाल होने वाले चोकर के उपयोग और अन्य कथित उल्लंघनों को लेकर कंपनी के खिलाफ अभियोजन के लिए कानूनी कार्रवाई शुरू की गई है।

नेपाल के एफटीक्यूसीडी ने भारतीय प्राधिकरण की ओर से जारी नोटिस के आधार पर प्रतिबंध लगाने का फैसला किया। विभाग के मुताबिक, इस कदम का उद्देश्य मानव स्वास्थ्य की सुरक्षा करना और उपभोक्ताओं के हितों की रक्षा करना है।

हिमंत सरमा ने कहा-पूरे देश में लागू होगा यूसीसी

बांग्लादेश और नेपाल की तर्ज पर सत्ता परिवर्तन का सपना भारत में पूरा नहीं हो सकता

नई दिल्ली/संचार जगत

असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने देशभर में समान नागरिक संहिता (यूसीसी) के कार्यान्वयन की वकालत करते हुए कहा कि इसके अभाव में मुस्लिम महिलाओं को सबसे अधिक परेशानी झेलनी पड़ती है। सीएम सरमा ने कहा कि बहुविवाह जैसी समस्याओं से निपटने के लिए एक समान कानून जरूरी है। इस दौरान सीएम हिमंत ने कॉकरोचों को भी आड़े हाथों लिया।



असम के मुख्यमंत्री पूर्वी यूपी के बस्ती में भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव हरीश द्विवेदी के तेलियाजोत स्थित आवास पर उनके परिवार से मिलने और द्विवेदी की माता के निधन पर शोक संवेदना व्यक्त करने आए थे। सरमा ने यहां पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा, असम में यूसीसी को पहले ही अधिसूचित किया जा चुका है और इसे देशभर में लागू होना चाहिए।

इस दौरान विशेष गहन पुनरीक्षण यानी एसआईआर के विरोध और सत्ता परिवर्तन की मांग के बीच कांग्रेस तथा अन्य विपक्षी दलों द्वारा भाजपा को निशाना बनाए जाने पर सीएम सरमा ने कहा, सत्ता वोट से मिलती है, दबंगई से नहीं। उन्होंने कहा, जो लोग यह मानते हैं कि डरा-धमकाकर सरकार बदली जा सकती है, उन्हें बांग्लादेश और नेपाल की ओर देखना चाहिए। दिल्ली में विपक्ष के विरोध प्रदर्शन पर सरमा ने दावा किया कि इसमें केवल 5,000 से 10,000 लोग ही शामिल हुए थे।

भारत न तो फ्रांस है और न बांग्लादेश: शशि थरूर

नई दिल्ली, आरएनएन। विपक्षी दलों के एसआईआर और सीईसी ज्ञानेश कुमार के खिलाफ हुए आंदोलन के बीच रिजीम चेंज और बांग्लादेश के जिक्र ने नया विवाद खड़ा कर दिया है। बीजेपी इसे बड़े साजिश का हिस्सा बता रही है। इस बीच कांग्रेस के सांसद शशि थरूर ने कहा है कि भारत न तो बांग्लादेश है और न ही फ्रांस है। तुलना करना ठीक नहीं है। शशि थरूर ने कहा, फ्रांस में जो हिंसा हुई है, जैसे बसों और पुलिस स्टेशनों को आग लगाना, हम ऐसी किसी भी हिंसा का समर्थन नहीं करते। हम शांतिपूर्ण विरोध में विश्वास करते हैं। मैंने भी ऐसे ही विरोध प्रदर्शनों में हिस्सा लिया है और मुझे लगता है कि विपक्ष भी आमतौर पर ऐसे विरोध का समर्थन करता है। उन्होंने मीडिया से कहा, सत्ता परिवर्तन (रिजीम चेंज) जैसे शब्दों को तोड़-मरोड़ कर पेश करने का कोई मतलब नहीं है। हम तो बस स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव की मांग कर रहे हैं।

डांडिया महारास का भव्य समापन, प्रतिभाओं के साथ लोकमत राजस्थान का भी हुआ सम्मान

संचार जगत

जयपुर। डांडिया महारास का समापन समारोह उत्साह, उमंग और रंगारंग प्रस्तुतियों के साथ भव्य रूप से संपन्न हुआ। समारोह में लोगों ने डांडिया की धुनों पर जमकर थिरकते हुए आयोजन का आनंद लिया। संगीत, नृत्य और उत्साह से सराबोर माहौल ने कार्यक्रम को यादगार बना दिया।

समापन समारोह का खास आकर्षण सम्मान समारोह रहा, जिसमें विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान देने वाली प्रतिभाओं और विशिष्ट व्यक्तियों को अवॉर्ड देकर सम्मानित किया गया। पवन टांक ने प्रतिभाओं को अवॉर्ड प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया। इस दौरान जयबाग पैलेस की डायरेक्टर गार्गी चुंडावत को भी सम्मानित किया गया। डांडिया की शानदार प्रस्तुतियों, संगीत और सम्मान समारोह के बीच आयोजन का भव्य समापन हुआ। उत्साह और उमंग से भरे इस कार्यक्रम ने लोगों को मनोरंजन के साथ प्रतिभाओं को सम्मानित करने का यादगार अवसर भी प्रदान किया।





शास्त्री नगर में सनातन डांडिया कार्यक्रम का आयोजन, बालमुकुंद आचार्य रहे मुख्य अतिथि



जयपुर। सनातन डांडिया टीम शास्त्री नगर एवं दशहरा शोभायात्रा समिति की ओर से सनातन डांडिया कार्यक्रम का आयोजन किया गया कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक बालमुकुंद आचार्य शामिल हुए। कार्यक्रम में भाजपा युवा मोर्चा के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता, बनीपार्क मंडल के कार्यकर्ता और वार्ड के पार्षद भी मौजूद रहे। आयोजन में सभी ने उत्साह के साथ भाग लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य सनातन संस्कृति और परंपराओं को बढ़ावा देना तथा धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजनों के माध्यम से समाज को जोड़ना रहा। इस दौरान उपस्थित जनप्रतिनिधियों, युवा मोर्चा के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने आयोजन में सहभागिता निभाई।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने की पंचायत समिति एवं जिला परिषद चुनावों की तैयारियों की समीक्षा

जयपुर। आगामी पंचायत समिति एवं जिला परिषद चुनावों को स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न करवाने के उद्देश्य से उपखंड कार्यालय रामपुरा डाबड़ी में जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) संदेश नायक की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

बैठक में आदर्श आचार संहिता की पालना, मतदान केंद्रों पर मतदाताओं के लिए न्यूनतम आवश्यक सुविधाओं की उपलब्धता, मतदाता सूचियों की स्थिति तथा ईवीएम मशीनों के वितरण एवं संग्रहण की व्यवस्थाओं पर विस्तार से चर्चा की गई। जिला निर्वाचन अधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को सभी चुनावी तैयारियां समयबद्ध तरीके से पूर्ण करने, आदर्श आचार संहिता की सख्ती से ालना सुनिश्चित करने तथा निर्वाचन प्रक्रिया में पारदर्शिता एवं निष्पक्षता बनाए रखने के निर्देश दिए। साथ ही, चुनाव के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने, संवेदनशील क्षेत्रों में विशेष सतर्कता बरतने तथा सभी विभागों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने पर जोर दिया। इस दौरान एसपी ग्रामीण हनुमान मीणा, डीसीपी वेस्ट प्रशांत किरण, उपखंड अधिकारी सुमन चौधरी तहसीलदार धर्मेंद्र स्वामी, नायब तहसीलदार आस्था चंदेलिया, चौमूं एसीपी एवं संबंधित थानों के थानाधिकारी उपस्थित रहे।

जियो के आईपीओ को 8110 करोड़ रुपए के निर्धारित हिस्से के मुकाबले 30 गुना से ज्यादा बोलियां मिलीं

नई दिल्ली/संचार जगत

रिलायंस इंडस्ट्रीज के स्वामित्व वाली दूरसंचार कंपनी जियो प्लेटफॉर्म्स के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) को लेकर बड़े निवेशकों में जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा है। कंपनी ने एंकर निवेशकों के लिए 8,110 करोड़ रुपये के शेयर निर्धारित किए थे, जबकि इनके लिए करीब 2.5 लाख करोड़ रुपये की मांग सामने आई है। इस तरह उपलब्ध शेयरों के मुकाबले मांग 30 गुना से अधिक रही। जियो प्लेटफॉर्म्स का आईपीओ आम निवेशकों के लिए 21 अक्टूबर को खुलेगा और 23 अक्टूबर को बंद होगा। कंपनी इस निर्गम के जरिये करीब 30,213 करोड़ रुपये जुटाने की तैयारी में है।

आवंटन निर्धारित सीमा के भीतर ही होगा

सूत्रों के मुताबिक, एंकर निवेशकों के लिए आरक्षित 8,110 करोड़ रुपये के शेयरों के मुकाबले करीब 2.5 लाख करोड़ रुपये की बोलियां मिली हैं। एंकर निवेशक बड़े संस्थागत निवेशक होते हैं, जिन्हें आईपीओ आम निवेशकों के लिए खुलने से पहले शेयर आवंटित किए जाते हैं। इतनी बड़ी मांग से संकेत मिलता है कि घरेलू और विदेशी संस्थानों की जियो के दूरसंचार तथा डिजिटल कारोबार में मजबूत दिलचस्पी है।

जस्ता और चांदी की ऊंची कीमतों से कमाई में उछाल

हिंदुस्तान जिंक का लाभ 142 प्रतिशत बढ़कर 6,412 करोड़ रुपए हुआ

नई दिल्ली/संचार जगत



वेदांता समूह की कंपनी हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड का एकीकृत शुद्ध लाभ चालू वित्त वर्ष 2026-27 की दूसरी तिमाही में सालाना आधार पर 142 प्रतिशत बढ़कर 6,412 करोड़ रुपये पर पहुंच गया।

कंपनी ने पिछले वित्त वर्ष 2025-26 की जुलाई-सितंबर तिमाही में 2,649 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ दर्ज किया था। धातुओं की ऊंची कीमतों, उत्पादन में वृद्धि और डॉलर के मजबूत होने से कंपनी की कमाई में उल्लेखनीय बढ़ोतरी हुई। हिंदुस्तान जिंक ने सोमवार को बीएसई को दी गई सूचना में तिमाही के वित्तीय नतीजों की जानकारी दी। कंपनी की परिचालन आय चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में 76.5 प्रतिशत बढ़कर 15,093 करोड़ रुपये हो गई।

पंचायतीराज चुनाव की नामांकन प्रक्रिया शुरू

पहले दिन तिजारा में 5 और किशनगढ़बास में 1 नामांकन दाखिल

खैरथल-तिजारा। पंचायतीराज चुनाव 2026 के तहत जिला परिषद सदस्यों एवं तृतीय चरण के पंचायत समिति सदस्यों के निर्वाचन के लिए सोमवार से नामांकन प्रक्रिया शुरू हो गई। नामांकन के पहले दिन पंचायत समिति सदस्य पद के लिए कुल 6 नामांकन पत्र प्रस्तुत किए गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार, तिजारा से पंचायत समिति सदस्य पद के लिए 5 तथा किशनगढ़बास से 1 नामांकन संबंधित रिटर्निंग अधिकारी के समक्ष दाखिल किया गया। वहीं, जिला परिषद सदस्य पद के लिए पहले दिन एक भी नामांकन प्राप्त नहीं हुआ।

हादसा

लाइव स्ट्रीमिंग के दौरान पादरी के ऊपर गिर गया ईसा मसीह का क्रॉस


मृत्यु पर उपदेश देते पादरी खुद हो गए मौत का शिकार

नई दिल्ली/संचार जगत

इक्वाडोर के गुआयाक्विल शहर से एक हैरान करने वाली और बेहद दर्दनाक खबर सामने आई है। यहां एक चर्च में लाइव स्ट्रीमिंग के दौरान कैथोलिक पादरी के ऊपर अचानक एक भारी लकड़ी का क्रूसीफिक्स यानी ईसा मसीह का क्रॉस गिर गया। हादसा इतना भयावह था कि सिर पर गंभीर चोट लगने के कारण पादरी की तुरंत मौत हो गई और चीख पुकार मच गई। यह पूरी घटना कैमरे में रिकॉर्ड हो गई है और सोशल मीडिया पर इसका वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो में पादरी चर्च में खड़े होकर लोगों को संबोधित करते दिखते हैं। इसके कुछ ही पलों में क्रॉस उनके सिर पर गिर जाता है और वे गिर जाते हैं। रिपोर्ट्स में बताया जा रहा है कि हादसे से ठीक पहले पादरी मृत्यु के बारे में बता रहे थे।

हजारों लोगों ने देखा लाइव: जानकारी के मुताबिक यह घटना बीते 17 अक्टूबर को गुआयाक्विल स्थित न्यूस्ट्रा सेनोरा डेल परपेटुआ सोकोरो चर्च में हुई।





हादसा तब हुआ जब पादरी पैट्रिक अल्फ्रेडो सांचेज मोलिनारी स्टेज के पास खड़े होकर अपनी एक रस्म अदा कर रहे थे। तभी दीवार पर लगा एक भारी लकड़ी का क्रूसीफिक्स अचानक अपनी जगह से उखड़ गया और सीधे पादरी के सिर पर आ गिरा। बताया जा रहा है कि जिस समय यह हादसा हुआ, उस समय चर्च की प्रार्थना सेवा का सोशल मीडिया पर लाइव प्रसारण किया जा रहा था। इस दर्दनाक घटना को हजारों लोगों ने रियल टाइम में देखा।

आखिर क्यों गिरा क्रॉस

हादसे के बाद से सवाल उठ रहा है कि आखिर वह भारी क्रॉस अचानक कैसे गिर गया? हालांकि, अभी तक यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि यह किसी संरचनात्मक क्षति की वजह से हुआ या फिर फिक्सिंग में किसी लापरवाही के कारण। आर्कडायोइस ने यह भी साफ नहीं किया है कि फादर की मौत मौके पर ही हो गई थी या अस्पताल ले जाने के बाद। इस अचानक हुए हादसे ने दुनियाभर के श्रद्धालुओं और सोशल मीडिया यूजर्स को गहरे सदमे में डाल दिया है।

मंदिर की दीवार पर तस्वीरों से हुआ विवाद

मैसूर। कर्नाटक में मैसूर जिले के अदातोर गांव में अराकेश्वर मंदिर की चहारदीवारी पर मस्जिद और क्रॉस की तस्वीर होने से विवाद खड़ा हो गया है। विरोध-प्रदर्शनों के बाद स्थानीय प्रशासन ने इन चित्रों को हटा दिया है और पुलिस ने मंदिर के देखभालकर्ता तथा चित्रकार के खिलाफ मामला दर्ज किया है। यह घटना के.आर. नगर तालुक में सामने आई, जहां स्थानीय युवाओं ने मंदिर परिसर में धार्मिक प्रतीकों के होने पर आपत्ति दर्ज की और कहा कि इससे भक्तों की भावनाएं आहत हुई हैं।

ओआईसी को भारत का मुंहतोड़ जवाब

पाक का औजार मत बनो

नई दिल्ली/संचार जगत

इराक के बगदाद में 17-18 अक्टूबर को आयोजित इस्लामी सहयोग संगठन (ओआईसी) के विदेश मंत्रियों की परिषद की 52वीं बैठक में पारित भारत विरोधी प्रस्तावों पर भारत सरकार ने कड़ा रुख अपनाते हुए उन्हें पूरी तरह खारिज कर दिया है।

विदेश मंत्रालय ने स्पष्ट किया कि ओआईसी को भारत के आंतरिक मामलों पर टिप्पणी करने का कोई अधिकार नहीं है। मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि ओआईसी की बैठक में भारत के बारे में की गई बातें दुर्भावनापूर्ण, पक्षपाती और झूठी थीं, जिन्हें पाकिस्तान ने प्रायोजित किया था। विदेश मंत्रालय ने कहा कि हम 17-18 अक्टूबर, 2026 को बगदाद में आयोजित ओआईसी के विदेश मंत्रियों की परिषद की बैठक के प्रस्तावों में भारत विरोधी बातों को पूरी तरह से खारिज करते हैं।

भारत के बारे में ये बातें दुर्भावनापूर्ण, पक्षपाती और झूठी हैं, और इन्हें पाक ने प्रायोजित किया है। हमें निराशा है कि ओआईसी ने एक बार फिर खुद को पाक के कट्टर एजेंडे के लिए इस्तेमाल होने दिया है। विदेश मंत्रालय ने अपने आधिकारिक बयान में कहा कि ओआईसी बैठक में भारत के खिलाफ दिए गए बयान पूरी तरह से द्वेषपूर्ण, पक्षपातपूर्ण और झूठे हैं।

स्वामित्व, प्रकाशक एवं संपादक : अवंतिका राठौड़ - पी.के. प्रिंटर्स एंड स्टेशनर्स, 31, राम मंदिर के पास, पटेल नगर, 22 गोदाम, जयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। कार्यालय : जे-17, रमेश मार्ग, सी-स्कीम, जयपुर। संपर्क : 0141 463 7668
ई-मेल : sancharjagat@gmail.com| आरएनआई नं. : RAJHIN/2014/55262 समाचार चयन के लिए पीआरबी अधिनियम के तहत जिम्मेदार। न्यायाधिकार क्षेत्र : जयपुर महानगर।